संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 254 बुधवार 16 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# इतिहास रचकर धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला



**पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं**

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एएक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टेन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर शुभांशु शुक्ला को समस्त देशवासियों की तरफ से बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा- मैं देशवासियों के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का पृथ्वी पर उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से वापसी पर स्वागत करता हूँ। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुँचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में,उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**शुभांशु शुक्ला धरती पर आपका स्वागत है...**

शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 20 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र पर लैंड किया। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले शाम आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर हर्ष जताया है। उन्होंने अंतरिक्ष से धरती पर लौटने की इस यात्रा को मील का पत्थर करार दिया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर लिखा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, ग्रूप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए कहा, मैं पूरे देश के साथ ग्रूप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

## महत्वपूर्ण खबर

### अतिक्रमण पर 34 भारतीय मछुआरे बांग्लादेश में गिरफ्तार



**काकद्वीप,15 जुलाई 2025(ए)।** बांग्लादेशी नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय जल सीमा का उल्लंघन करके बांग्लादेश में घुसने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। रविवार रात,दो भारतीय ट्रॉलर मोंगला बंदरगाह के पास भारतीय जल सीमा का उल्लंघन करके बांग्लादेश में घुस आए। इसके बाद, बांग्लादेशी नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया। दोनों ट्रॉलरों के नाम एफबी झार और एफबी मंगल चांदी बताए जा रहे हैं और ये दक्षिण 24 परगना जिला के काकद्वीप के हैं। इस संबंध में काकद्वीप मछुआरा यूनियन के सचिव सतीनाथ पात्रा ने कहा कि हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ गया है और उसके कारण बांग्लादेश की नौसेना काफी सक्रिय भूमिका में है।

### 150 मीटर गहरी खाई में बोलेरो गिरने से 8 लोगों की मौत

**पिथौरागढ़,15 जुलाई 2025(ए)।:** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में गहरी खाई में बोलेरो गाड़ी गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बोलेरो गाड़ी 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। यह वाहन सवारियों से भरा था। यह हादसा सोनी पुल के पास हुआ है।



### गहरी खाई में गिरा टेम्पो ट्रैवलर,5 लोगों की मौत



**डोडा,15 जुलाई 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार सुबह एक टेम्पो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हुई है और 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा भरत-बागला मार्ग पर शहर से 20 किलोमीटर दूर हुआ है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वाहन में लगभग 20 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र से गुजरते समय वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खाई में लुढ़क गया।

### प्रिंसिपल-प्रोफेसर के यौन उत्पीड़न् से तंग आकर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने दम तोड़ा




**भुवनेश्वर,15 जुलाई 2025(ए)।**ओडिशा के बालासोर में कॉलेज प्रिंसिपल और प्रोफेसर के यौन उत्पीड़न् से तंग आकर खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय छात्रा ने सोमवार रात को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह गंभीर हालत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर में भर्ती थी।

## आतंक के खिलाफ कार्रवाई की,आगे भी करेंगे...

- **अपने मकसद पर कायम रहे एससीओ**
- **जयशंकर ने दिखाया आईना**

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के तियानजिन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की समिट में पहलगाम आतंकी हमले को जोरदार तरीके से उठाया। पिछले महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एससीओ के साझा बयान से दूरी बनाने के बाद आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को लेकर जयशंकर ने कहा कि एससीओ का गठन आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ हुआ था। उन्होंने इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र कर कहा कि ये हमला जम्मू और कश्मीर की टूरिज्म इकोनॉमी को धक्का पहुंचाने के लिए किया गया था और इसे धर्म का एंगल भी दिया गया।



**एससीओ अपने मूल मकसद पर कायम रहे...**

जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने अपने एक बयान में आतंक के कृत्य के लिए जिम्मेदार, फाइनेंस करने वालों और स्पॉन्सर करने वालों को कठघरे में लाए जाने की जरूरत का कड़ा संदेश दिया था। भारत ने ऐसा ही किया और हम आगे भी ऐसा करते रहेंगे। ऐसे में ये जरूरी है कि एससीओ का ये समूह अपने मूल उद्देश्यों को लेकर अडिग रहे और आतंकवाद को लेकर गैर समझौते वाला रुख रखे।

जयशंकर ने मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डर का जिक्र करते हुए कहा कि बीते कुछ समय में हमने बहुत सारे कॉन्फ्लिक्ट और कंपिटिशन देखे हैं। आर्थिक अस्थिरता भी बढ़ रही है लेकिन ग्लोबल ऑर्डर को स्थिर करना बेहद जरूरी है, इसके साथ ही कई आयामों को डी रिस्क भी करना जरूरी है।

**भारत ने हमेशा नई पहल की**

जयशकंर ने कहा कि एससीओ में भारत ने कई पहलों की शुरुआत की है। जिसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्ट अप से लेकर पारंपरिक मेडिसिन शामिल हैं। हम लगातार नए विचारों को लाते रहेंगे। ये जरूरी है कि हमारा आपसी सहयोग साझा सम्मान,संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा हुआ हो।

जयशंकर ने कहा कि एससीओ देशों के बीच सहयोग और गहरा हो,इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा व्यापार, निवेश और आदान प्रदान बढ़े। जयशंकर ने कहा कि एससीओ के स्पेस में सुनिश्चित ट्रांजिट की गैरमौजूदगी बड़ी बाधा है। इसके अलावा इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भी इस दिशा में अहम साबित हो सकता है।

**अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया**

इस दौरान जयशंकर ने एससीओ के एजेंडे में अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अफगान लोगों का कल्याण क्षेत्रीय स्थिरता की हमारी चिंता से जुड़ा हुआ है। ऐसे में उन्होंने बाकी देशों से भारत की ओर से दी जा रही मदद में योगदान की अपील की।

## धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने वाला देश का 11 वां राज्य बनेगा महाराष्ट्र




**मुंबई,15 जुलाई 2025(ए)।:** महाराष्ट्र सरकार राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए एक सख्त कानून पेश करने की योजना बना रही है। गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में अन्य राज्यों के समान कानूनों की तुलना में कड़े प्रावधान होंगे। लागू होने के बाद महाराष्ट्र ऐसा कानून लागू करने वाला भारत का 11वां राज्य बन जाएगा।

**धर्मांतरण विरोधी कानून शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा...**

पंकज भोयर ने सदन को बताया कि पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में एक पैनल का गठन किया गया है जो धर्मांतरण के खिलाफ एक ऐसा कानून तैयार करेगा जो बाकी 10 राज्यों की तुलना में अधिक सख्त होगा। इस मुद्दे पर पुलिस महानिदेशक द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और आगामी (शीतकालीन) सत्र में यह कानून पारित कर दिया जाएगा।

राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आमतौर पर दिसंबर में महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाता है।



## मॉनसून सत्र 21 जुलाई से

**मोदी सरकार की इस बार 8 नए विधेयक लाने की तैयारी...**

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।**संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, और इसमें मोदी सरकार कई अहम मुद्दे उठाने वाली है। इस सत्र के लिए सरकार ने 8 नए विधेयकों,मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने का प्रस्ताव, और आयकर विधेयक को पारित कराने की योजना बनाई है, जिसे फिलहाल एक सेलेक्ट कमेटी जांच रही है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपतिशासन को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव लाएगी। बता दें कि राज्य में 13 फरवरी 2024 से राष्ट्रपति शासन लागू है और संविधान के मुताबिक हर 6 महीने में इसकी संसद से मंजूरी लेनी होती है। मौजूदा मंजूरी 13 अगस्त को खत्म हो रही है, इसलिए इसे बढ़ाना जरूरी है।

## बीजेपी के नए अध्यक्ष के साथ ही मोदी कैबिनेट में भी होगा फेरबदल

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के बीजेपी में अब कुछ ही प्रदेशों के अध्यक्ष तय होने बाकी हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन का इंतजार है। बीजेपी ने पिछले कुछ दिनों में तेजी से राज्यों के अध्यक्ष तय किए उससे यह मैसेज गया कि जल्द ही अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन भी हो जाएगा, क्योंकि बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 50 पर्सेंट से ज्यादा राज्यों में चुनाव का क्राइटीरिया पूरा कर लिया है। इसके साथ ही यह चर्चा फिर से तेज हो गई है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान के साथ ही केंद्र सरकार में भी बदलाव दिख सकता है।



**राष्ट्रीय अध्यक्ष में मंत्रियों के नामों की भी चर्चा**

बीजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, इसके लिए कई कयास लगाए जा रहे हैं। जिसमें कई केंद्रीय मंत्रियों का नाम भी लिया जा रहा है। अगर किसी केंद्रीय मंत्री को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलती है तो उनकी जगह नए कैबिनेट मंत्री बनेंगे। बीजेपी में एक व्यक्ति एक पद का नियम है। हालांकि मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करीब एक साल से पार्टी के अध्यक्ष पद और केंद्रीय मंत्री दोनों पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75 साल वाले बयान के बाद ये भी चर्चाएं चल रही हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में उम्र का भी ध्यान रखा जाएगा और इसकी संभावना जताई जा रही है कि 70 साल से कम उम्र के किसी नेता को ही यह जिम्मेदारी मिले।



## अब तक 22 बार ट्रंप ने लिया संघर्ष विराम का श्रेय

**पीएम क्यों हैं खामोशः जयराम रमेश**


**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब तक 22 बार भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय खुद को दे चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी सार्वजनिक रूप से इसका खंडन नहीं किया। जयराम रमेश ने मंगलवार को एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 65 दिनों में ट्रंप ने 22 बार यह दावा दोहराया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को उन्होंने ही रोका। रमेश का कहना है कि ट्रंप की यह बात सिर्फ बेबुनियाद नहीं है, बल्कि भारत की संप्रभुता पर भी सीधा सवाल है और ऐसे में प्रधानमंत्री की चुप्पी हैरान करने वाली है।

## बंगाल में जलेबी,समोसा खाने पर कोई रोक नहीं:ममता बनर्जी

**कोलकाता,15 जुलाई 2025(ए)।**

जलेबी, समोसा, वड़ा पाव जैसी स्वादिष्ट चीजें खाने खाने से पहले अब सवाधान रहना पड़ेगा क्योंकि अब इन पर चेतावनी जारी की जाएगी। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश भर के केंद्रीय संस्थानों को तेल और शक्कर बोर्ड लगाने का आदेश दिया है। जिससे स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा सके तथा मोटापे और गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके। इधर केन्द्र सरकार के उपरोक्त सतर्की करण पर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आज रोष जाहिर करते हुए कहा कि, बंगाल सरकार केंद्र के फतवे का पालन नहीं करेगी! लोगों की खान-पान की आदतों में दखल नहीं दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह स्पष्ट किया कि, पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है। ऐसी कोई भी अधिसूचना राज्य में प्रभावी नहीं होगी। सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, अब से समोसा /जलेबी नहीं खाई जा सकेगी। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोई अधिसूचना नहीं है। हम हर मामलों में दखल नहीं देते। हम इस अधिसूचना को बंगाल में लागू नहीं करेंगे।





## एअर इंडिया ने दो महीने के लिए रोकी अहमदाबाद से गैटविक की उड़ान

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025(ए)।** एयर इंडिया ने घोषणा की कि वह 1 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए सीधी उड़ान को अस्थायी रूप से निलंबित कर रही है। इसके बजाय यह उड़ान अब लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के लिए संचालित होगी। यह फैसला एयर इंडिया की तरफ से सेफ्टी पॉज के तहत उड़ानों की समीक्षा और सुरक्षा जांच के बाद लिया गया है। 12 जून को एआई171 फ्लाइट से जुड़े एक दुखद हादसे के बाद एयर इंडिया ने अपनी बोइंग 787 विमानों की अतिरिक्त जांच करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ उड़ानों को अस्थायी रूप से रोका था।

## पुराने वोटरों की दोबारा न पहचान कराएं

**मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग से टीडीपी की बड़ी मांग...**

**नई दिल्ली,15 जुलाई 2025 (ए)।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से अपील की कि आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यह प्रक्रिया किसी बड़े चुनाव से छह महीने पहले तक न कराई जाए। टीडीपी ने कहा कि जो लोग पहले से ही ताजा वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उन्हें दोबारा अपनी पहचान या पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। यह मांग ऐसे समय में आई है जब बिहार में इसी तरह की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर विवाद चल रहा है। वहां विपक्षी दलों ने आरोप लगाए हैं कि चुनाव से ठीक पहले की जा रही इस प्रक्रिया में नए वोटरों पर सबूत देने की जिम्मेदारी डाल दी गई है, जिससे भ्रम और असंतोष फैल रहा है।




## संपादकीय

# निहाल की गिरफ्तारी राहतकारी

अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13 हजार करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है।इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो-दोनों ने अलग-अलग आरोप पत्र दायर किए हैं,और दोनों में ही निहाल मोदी को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में निहाल का भाई नीरव मोदी और उनका रिश्तेदार मेहुल चोकसी भी आरोपी हैं। नीरव लंदन की जेल में बंद है, और भारत में प्रत्यर्पण की कार्यवाही का सामना कर रहा है। मामले में दायर आरोप पत्र के मुताबिक, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के जरिए फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग-एमओयू-जारी करके पंजाब नेशनल बैंक से करीब 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी,जबकि शेष राशि उसके रिश्तेदार ने यही तरीका अपनाते हुए हड़प ली थी।बेल्जियम के एंटवर्प में जन्मे,पले-पढ़े तथा अंग्रेजी, गुजराती और हिन्दी में पारंगत निहाल मोदी अपने भाई नीरव मोदी की ओर से अपराध की आय को कथित रूप से वैध बनाने के लिए भारत में वांछित है। निहाल ने भारतीय वित्तीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए फर्जी कंपनियों के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन को छिपाने और स्थानांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरसे से दोनों भारतीय एजेंसियां इन दोनों आरोपी भाइयों के साथ ही उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी को तलाश में थी। इसके लिए भारतीय अधिकारियों ने इंटरपोल ने रेड नोटिस' भी जारी कराया था ताकि आरोपियों को ढूंढने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त किया जा सके। रेड नोटिस' इंटरपोल द्वारा जारी किए जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अनुरोध है,जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति का पता लगा कर उसे गिरफ्तार करना है ताकि उसके खिलाफ प्रत्यर्पण,आत्मसमर्पण या अन्य कानूनी कार्यवाही की जा सके। नीरव की गिरफ्तारी भारतीय एजेंसियों के लिए राहत की बात है। उम्मीद है कि दोनों भाइयों को भारतीय एजेंसियां अदालत में पेश करउन्हें जल्द सजा दिला सकेंगी। सरकार के लिए भी यह गिरफ्तारी राहतकारी घटनाक्रम है क्योंकि इस मामले में विपक्ष जब-तब सरकार को घेरता रहा है।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



ललित गर्ग
पटपड़गंज,न्यू दिल्ली-92

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्र विरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना,काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई,भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है,पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि,दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।




नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।


प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नॉर्थ कोरिया,रूस और चीन की जुगलबंदी,बढ़ गई डोनाल्ड ट्रंप की बेचैनी



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोशी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है। उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं। तीनों देशों ने उत्तर कोरिया के रूस और चीन को समर्थन देने के और परमाणु परीक्षणों के खिलाफ दक्षिण कोरिया प्रायद्वीप के पास अमेरिकी परमाणु सक्षम बम वर्षको के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया है। उल्लेखनीय है कि तीनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने एक गंभीर बैठक कर उत्तर कोरिया से क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाली सभी गैर कानूनी गतिविधि बंद करने का आह्वान किया है वैसे भी उत्तर कोरिया अमेरिका के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान के इस युद्ध अभ्यास को उत्तर कोरिया के खिलाफ होने वाले हमले का पूर्व अभ्यास मानता है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया है। यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता है। उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता है। उधर रूस यूक्रेन युद्ध को ढाई वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है । इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर है। इजरायल के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के कमांडर याह्या सिंनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है रॉकेट लांचर से हमला किया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन,नॉर्थ कोरिया,पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही है। भारत लगातार रूस-यूक्रेन,इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अडियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध से अमेरिका रूस का बड़ा विरोधी बनकर लगभग 15 साल पीछे जा चुका है एवं उसकी मुद्रा डॉलर की कीमत भी अब वैश्विक स्तर पर काम होते जा रही है। रूस के नुकसान के साथ-साथ अमेरिका को भी काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा रूस के लिए और शांति प्रयासों के लिए फिक्रमंद रहते हैं यह यह तथ्य वैश्विक शांति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी है। पूरी दुनिया वैश्विक युद्ध के परिणाम से अच्छे तरह से वाकिफ है पूर्व के विश्व युद्ध में जापान के नागाशाकी तथा हिरोशिमा की भयानक मानवीय त्रासदी को हर देश के नागरिक अच्छे से महसूस करते हैं। अतः विश्व युद्ध को हर संभव प्रयासों से रोका जाना चाहिए अन्यथा विश्व युद्ध मानवता के विकास के लिए एक बडा अवरोध और विनाशक होगी।



# अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में सहायक पायलट की गलती पकड़ में



12 जून 2025 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171 अहमदाबाद से लन्दन 242 लोगों को लेकर जारही फ्लाइट के मात्र 40 सेकंड बाद मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में सहायक पायलट क्लाइव कुंदर की फ्यूल स्विच लीवर में छेड़छाड़ कर बंद करने की बात सामने आई है। संसार की पहली घटना है कि विमान टेक ऑफ के बाद अचानक थ रस्ट खो कर गिर पड़ा था। घटना में जहाज में बैठे 242 यात्री करूं मेंबर और जमीन पर रह रहे सहित 272 लोग मारे गए जिसमें मेडिकल कॉलेज के छह चिकित्सक भी शामिल थे। एयर इंडिया, यूएस, ब्रिटेन और ड्रीमलाइनर बोइंग के विशेषज्ञों की संयुक्त जांच दल ने 15 पेज की रिपोर्ट जारी की ।ब्लैक बॉक्स में दोनों पायलटों की बातचीत से यह तथ्य सामने आया है कि क्लाइव कुंदर को पायलट ने फ्यूल स्विच का लीवर गलती से खींच दिया तो सुमीत साबरबाल ने कहा कि उसने फ्यूल स्विच क्यों बंद किया है।यह सब तकनीकी बाते हैं जिस पर लंबी बहस होगी। दूसरी ओर अमेरिका की बोइंग ने बयान जारी कर कहा कि फ्यूल स्विच अपने आप बंद नहीं हो सकते हैं। चूंकि दोनों पायलट जीवित नहीं हैं इस लिए कोई कुछ बता सकने वाली स्थिति में नहीं है। क्लाइव कुंदर और सुमीत साबरबाल दोनों मुंबई में रहते हैं उनके शवों की शिनाख्ती 19 जून को हो पाई ।दोनों पायलटों के परिवार में कई लोग पायलट हैं। पायलटों जीवन शैली बहुत उच्च क्लास की होती है ये लोग अन्य भारतीय की सामान्य नहीं होते हैं बहुत ही बेहतर खुले ख्यालों की होते हैं।एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देर रात तक एंजॉय करना इनकी आदत में होता है।

-अजय दीक्षित-

# स्त्री पुरुष संबंधों में बदलाव




प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक-124001( हरियाणा)

भारतीय संस्कृति,सभ्यता तथा परंपराओं के अनुसार स्त्री पुरुष संबंधों में गरिमा, समर्पित भावना,विश्वास तथा प्रेम निहित है! हमारे यहां पति-पत्नी का संबंध सात सात जन्मों तक चलने की बात कहीं जाती है। विवाह के समय अधिकांश मां-बापअपनी बेटी को यहीनसीहत दिया करते थे,जहां तेरी डोली जा रही है वहीं से तुम्हारी अर्थी निकलनी चाहिए। विवाह के बाद मां बाप अपनी लड़की के ससुराल के मामले में कोई दखल अंदाजी नहीं किया करते थे। हमारे पुरुष प्रधान समाज में विवाहित लड़कियों से ससुराल के रीति रिवाज,परंपरा आदि निभाने की आशा की जाती थी। एक बात और। सभी बातों को ध्यान में रखकर मां बाप अपनी बेटी का रिश्ता जहां तय कर देते थे वही उसे विवाह करना पड़ता था,लड़की की राय नहीं पूछी जाती थी। लड़के तथा लड़की में प्रेम प्यार के किस्से बहुत कम सुनने को मिलते थे। लड़कियों से अपने मां-बाप की इज्जत को बचाए रखने की ज्यादा उम्मीद रखी जाती थी। विवाह के बाद पति-पत्नी में मनमुटाव होने पर मां-बाप या परिवार के बुजुर्ग स्थिति को संभालने का बहुमूल्य योगदान किया करते थे। पति पत्नी के किसी तीसरे में दिलचस्पी की बातें बहुत कम ही सुनने को मिलती थी। परंतु अब इन सारी बातों में बहुत परिवर्तन हो गया है। अब तो स्त्री पुरुष संबंधों में इतना बदलाव आ गया है कि पुराने जमाने के लोग उसे सुनकर या देखकर दांतों तले उंगली दबाते हैं। परिवारों में पति- पत्नी में पहले वाली मर्यादा,प्यार,संयम,सहनशीलता ,सहयोग भावना की बातें देखने में नहीं मिलती। घरेलू हिंसा एक आम बात हो गई है। यह बीमारी पढ़े लिखे,अनपढ़ तथा उच्च पदों पर आसीन बड़े लोगों में भी देखने को मिलती हैं। वह ज़माना गया जब सावित्री अपने पति, सत्यवान को यमराज से वापस लेकर आई थी। आजकल तो पति-पत्नी में मतभेद, नफरत,शत्रुता इस हद तक बढ़ती जा रही है कि बहुत सारे मामलों में पत्नियां अपने पतियों को मरवा देती हैं ताकि किसी और के साथ जीवन बिता सके। कोई जमाना था जब पत्नियां पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा करती थी, लेकिन आजकल या तो दिखावे के लिए व्रत रखती हैं या बिल्कुल ही नहीं रखती। पत्नियों द्वारा अपने पतियों के लिए लंबी उम्र की बात कहते हुए आजकल औरतों से सुनने को नहीं मिलता । कुछ समय पहले नव विवाहित सोनम रघुवंशी तथा राजा रघुवंशी हनीमून मनाने के लिए आसाम गए। सोनम का किसी और लड़के के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह राजा रघुवंशी से विवाह नहीं करना चाहती थी परंतु अपने माता-पिता के दबाव में उसे मजबूरी में विवाह कराना पड़ा। सोनम ने किन्हीं दो बदमाशों को सुपारी देकर अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी का कत्ल करवा दिया। कई बार ऐसा होता है कि लड़की का विवाह हो रहा होता है, विवाह के मंडप में ही लड़की सोने के गहने तथा बहुमूल्य वस्तुएं लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो जाती है। सोचो, ऐसी स्थिति में लड़की के मां-बाप की इज्जत और विवाह के लिए खर्च किए गए इतने धन का क्या होगा। कुछ मामलों में पति ही किसी अन्य स्त्री के चक्कर में पड़कर पत्नी की हत्या करवा देते हैं। लेकिन आजकल घातक पत्नियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन सब बातों से परिवार तथा विवाह रूपी पारंपरिक संस्था के खत्म होने की संभावना बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण स्त्रियों का शिक्षित होना,कामकाजी होने पर दूसरे पुरुषों के संपर्क में आना,महिला सशक्तिकरण के कारण स्त्रियों को ज्यादा अधिकार प्राप्त होना,इंटरनेट तथा टीवी चैनल पर स्त्रियों के द्वारा प्रतिशोध लेने की भावना का प्रभाव पड़ना,पत्तियों के साथ कामवासना में तृप्ति ना होना, शहरीकरण, औरतों में आपराधिक प्रवृत्ति का बढ़ना,महिला उत्पीड़न, पुलिस थानों में पुरुष के मुकाबले में स्त्री की ज्यादा सुनवाई होना, लड़की की मर्जी के बिना माता-पिता द्वारा उसका विवाह करना आदि कारण हो सकते हैं । इसके अलावा इंटरनेट तथा टीवी चैनलों पर बलात्कार, शोषण, उत्पीड़न,अन्याय आदि की स्थिति होने पर महिला का विजयी होकर निकलना कुछ और कारण हो सकते हैं। आजकल महिलाओं में जागरूकता ज्यादा पैदा हो गई है,वह अपने आप को पुरुष के मुकाबले में कहीं कम नहीं समझती,शराब पीती हैं, धूम्रपान करती हैं,बहुत सारे पुरुषों के साथ शारीरिक संबंध बनाती हैं। तभी तो स्त्री पुरुष संबंधों में इतना बदलाव आ रहा है। स्त्री पुरुष एक दूसरे के साथ संबंधों को लेकर विश्वास घात करने लगे हैं। यह भी नहीं सोचते कि समाज उनके बारे में क्या कहेगा, इसका उनके बच्चों के मन तथा भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। स्त्री तथा पुरुष में आम घरों में इगो का टकराव देखने को मिलता है जिसके कारण एक दूसरे को अपमानित करना, गाली गलौज, मारपीट, किसी दूसरे के साथ भाग जाना,हत्या कर देना या करवा देना आदि आम बातें होने लगी हैं। यह पति-पत्नी के आपसी बिगड़ते संबंधों का प्रभाव ही है कि पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित होकर अविवाहित लड़के लड़कियां तो क्या विवाहित पुरुष तथा स्त्रियां भी लिव इन रिलेशनशिप के तहत बिना विवाह के दूसरों के साथ शारीरिक संबंध बनाकर अलग से रहने लगे हैं। जब तक दिल करता है खूब रंग रलियां मनाते हैं और जब एक दूसरे से मन भर जाता है तो अपना-अपना रास्ता नापते हैं। और बातों के अलावा स्त्री पुरुष संबंधों में कामवासना की भावना ही आपसी संबंधों में बदलाव का मुख्य कारण बना हुआ है। कामवासना के आगे सभी प्रकार के तर्क,लोक लाज,नैतिकता,उम्र,इज्जत आदि कोई मायने नहीं रखती। लिव इन रिलेशनशिप पहले जमाने में रखैल की तरह है या इसे एक प्रकार की वेश्यावृत्ति भी कहा जा सकता है। स्त्री पुरुष संबंध अगर इसी तरह से बिगड़ते गए,पूछा जा सकता है पारिवारिक जीवन का क्या होगा,बच्चों का क्या होगा, स्त्री पुरुष की सामाजिक प्रतिष्ठा का क्या होगा,सामाजिक रिश्तों का क्या होगा? बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी किसकी होगी। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सोच विचार के बाद ही विवाह तथा परिवार रूपी संस्था की स्थापना की थी जिसमें सभी मत भेदों के बावजूद पति-पत्नी, बच्चे तथा घर के बुजुर्ग एक दूसरे के प्रति सम्मान,सहनशीलता, मर्यादा,समर्पित भावना,नैतिकता, विश्वास तथा किसी तीसरे में दिलचस्पी रखे बिना एक दूसरे के साथ रह सके। बुजुर्गों पारिवारिक संबंधों में स्त्री और पुरुष के बीच एक लक्ष्मण रेखा खींची थी जिसे पार नहीं करना चाहिए। एक दूसरे का मान सम्मान करना चाहिए, त्याग करना चाहिए, एक दूसरे के माता-पिता तथा रिश्तेदारों की इज्जत करनी चाहिए, आपसी मत भेद को किसी और को बताने के बदले में आपस में मिल बैठकर सुलझाना चाहिए। इसमें स्त्री और पुरुष दोनों की ही इज्जत है।

## कविता
## नजर-नजर में फर्क...

घटती-घटना



रविन्द्र कुमार शर्मा
घुमारवी,बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

नज़र नज़र में होता है फ़र्क बहुत
कोई नज़रें होकर भी है अंधा
देखकर भी कर देता है कोई अनदेखा
दुनियां में सब मतलब का है धंधा
मां की नज़र में है ममता ही ममता
पिता की नज़र में त्याग है बसता
ज़माने की नज़र में है स्वार्थ नज़र आता
प्यार का दिखावा करके पीठ पीछे से है डसता
नज़रें भी कई बार खा जाती हैं धोखा
कई बार सच नहीं होता जो है नज़र आता
सच्चाई कुछ और होती है
आदमी धोखा है खा जाता
नज़रें किसी से जब होती हैं चार
मिलने को दिल हरपल रहता है बेकरार
नज़रें ही जब बुढ़ापे में दे जाती हैं धोखा
देख नहीं पाते हो जाता चलना दुश्वार
नज़र अच्छी है तो सब अच्छा है लगता
बुराई में भी अच्छाई नज़र है आती
नज़रें यदि थोड़ी भी हैं खराब
तो अच्छाई में भी बुराई है दिख जाती
नज़र भी कई बार खा जाती है धोखा
इसलिए दिमाग का करना इस्तेमाल
दुनियां की हर शय में अच्छाई देखना
यह भी तो है हमारी नज़र का कमाल

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# बिजली दर वृद्धि से उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा आर्थिक नुकसानः टीएस सिंहदेव

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। इससे गरीब उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उक्त बातें मंगलवार को राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कही। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, भाजपा सरकार अब कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड रही है। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया था। वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। अस्पतालों, उद्योगों को सब्सिडी दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। कई सरकारी विभाग बिजली का बकाया बिल जमा नहीं कर रहें, सरकारी उपक्रमों और सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, उसकी वसूली भी जनता से कर रही है। सरकार सत्ता के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बढ़े हैं। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, इंद्रजीत सिंह धंजल, अनिल सिंह, अनूप मेहता, अशफाक अलि मौजूद थे।



### विद्युत कार्यालयों का घेराव करेगी कांग्रेस

विद्युत दरों में वृद्धी के विरोध में होने वाले चरणबद्ध आन्दोलन के तहत कांग्रेस 16 से 22 जुलाई तक विद्युत कार्यालयों का घेराव करेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दिनांक 16, 17 और 18 जुलाई को ईई, जेई एवं एई कार्यालय का घेराव करेंगी। 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में विद्युत कार्यालय का घेराव किया जायेगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस लोकतांत्रिक ढंग से सरकार पर कीमतों में की गई वृद्धी को वापस लेने का दबाव बनायेगी।

# अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे-43 की दुर्दशा से स्थानीय लोग परेशान



अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे-43 की दुर्दशा से स्थानीय लोग परेशान हैं। सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। जबकि सूखे मौसम में धूल से परेशानी हो रही है। इस मार्ग से छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं, जिनकी जान जोखिम में रहती है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोग लंबे समय से सडक़ सुधार की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है। सडक़ पर रेत व गिट्टी बिछाकर खानापूर्ति कर रही है। जबकि इससे स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। एनएच-43 अंबिकापुर शहर के बीचो बीच होते हुए निकली है। जो सूरजपुर जिले को जोड़ती है। सदर रोड, देवीगंज रोड से लेकर रेलवे स्टेशन तक की सडक़ पिछले तीन से चार सालों से खराब है। अच्छी सडक़ की उम्मीद को लेकर लोगों ने प्रदेश में सरकार भी बदल दी। इसके बावजूद भी स्थानीय लोगों को अच्छी सडक़ नसिब नहीं हुई। वही गड्ढों से पटे पड़े सडक़ पर आवागमन करने को लेकर मजबूर हैं। दिनों दिन सडक़ पर गड्ढों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। गाडियां खराब हो रही है। लोगों की जाने जा रही है पर इससे जिम्मेदारों का लेना देना कुछ नहीं है। सडक़ की दुर्दशा को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सडक़ की खराब स्थिति के कारण बाइक चलाना मुश्किल हो गया है। जो अपनी जान हथेली पर लेकर आवगमन कर रहे हैं। गड्ढों में हिचकोले खाने से बाइक सवार कमर दर्द के शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके विभाग ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मनेन्द्रगढ़ रोड में कई स्कूलें संचालित है। छोटे बच्चों का स्कूल जाना उनके भविष्य के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन जर्जर सडक़ें उनके लिए खतरा बन गई है। अभिभावकों को हमेशा बच्चों के प्रति चिंता बनी रहती है।

### बारिश में कीचड़, सूखे में धूल

रेलवे स्टेशन से लेकर शहर के अंदर गुजरी एनएच की सडक़ जर्जर है। विभाग पैबंद लगाने के लिए रेती, मिट्टी व गिट्टी से पाट देती है। वहीं बारिश होने पर कीचड़ हो जाता है। इससे लोगों को चलना और भी मुश्किल हो जाता है। वहीं बारिश बंद होने पर सूखे में धूल के गुब्बार से लोग परेशान हैं। सडक़ नेताओं के लिए केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गया है। पहले भाजपा सडक़ की कमियां गिनाती थी अब कांग्रेस सडक़ को लेकर चिंता व्यक्त कर रही है। पर सुगम सडक़ मार्ग को लेकर पहल किसी ने अब तक नहीं की है। लोग आज भी जर्जर सडक़ पर आवागमन करने को मजबूर हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिला रोजगार, आवास पूर्णता में निभा रहीं हैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

## आर्थिक सशक्तिकरण से जिले की चार सौ से अधिक महिलाएं शामिल हुईं लखपति दीदी क्लब में

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का पक्का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना आज जरूरतमंद लोगों के इस सपने को साकार कर रही है, योजना के तहत प्रदेश के लाखों लोगों के सपनों का आशियाना बनकर तैयार है। जिसमें वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं सुखमय जीवन व्यतीत कर रहें हैं। योजना से जिले के कई परिवार समाज में सम्मानजनक और स्थिर जीवन व्यतीत कर रहें हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ने एक ओर जहां लोगों को आवास प्रदान किया है, वहीं दूसरी ओर रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। जिले की महिलाओं ने इस योजना को आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बना लिया है। स्व सहायता समूह की महिलाएं आवास निर्माण हेतु निर्माण सामग्री प्रदान कर आवास पूर्णता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहीं हैं। समूह की दीदियों द्वारा समूह से लोन प्राप्त कर योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु



ईंट, सीमेंट, गिट्टी, छड़, सेंटरिंग सामान एवं मिक्सर मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के समूह की 281 दीदियों के द्वारा ईंट निर्माण किया गया, इन ईंटो का उपयोग आवास एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए किया गया। वहीं 413 दीदियों के द्वारा बैंक लिंकेज और समूहों से लोन लेकर सेंट्रिंग प्लेट्स को किराए में देने का व्यवसाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में 9 दीदियों के द्वारा लोन राशि और अपने परिवार की सहायता से सीमेंट मिक्सर मशीन को खरीद कर किराए में लगाया गया है। वहीं 06 दीदियों के द्वारा सीमेंट गिट्टी व छड़ आदि सामग्रियों को ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम आवास के हितग्राहियों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही निर्माण के आवश्यक सामग्रियां मिल जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को नियमित आय प्राप्त हो रही है, जिससे जिले कि कुल 465 महिलाएं लखपति दीदी क्लब में शामिल हो गई हैं।



महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आयी है, जिसके माध्यम से उन्हें रोजगार का एक नया और सशक्त माध्यम मिल गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

# प्रधानमंत्री आवास में अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई

## दो लोगों पर एफआईआर करने के निर्देश, 1640 बोरी यूरिया जप्त

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने ग्राम डांडगांव, तहसील उदयपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास में अवैध रूप से उर्वरक (यूरिया) भंडारण के मामले में दो व्यक्तियों पर सुखराम पिता बुधियार एवं पंकज अग्रवाल पिता मदन अग्रवाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/5 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसीलदार उदयपुर को सूचना मिली थी कि ग्राम डांडगांव के प्रधानमंत्री आवास में पंकज अग्रवाल द्वारा 1640 बोरी यूरिया उर्वरक का भंडारण किया गया है। तहसीलदार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हल्का पटवारी तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में दिनांक 25 जून 2025 को मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया। पंकज अग्रवाल द्वारा ताले की चाबी न देने पर ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया गया, जहां यूरिया भंडारित पाया गया। जांच के दौरान उर्वरक की प्राप्ति और भंडारण से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अनावेदक पंकज अग्रवाल ने उत्तर में बताया कि वह पिकअप वाहन से किसानों को भाड़े पर उर्वरक पहुंचाता है और यह उर्वरक किसानों द्वारा खरीदा गया था, जिसे अस्थायी रूप से सुखराम के खाली मकान में रखा गया था। हालांकि, न्यायालय ने पाया कि प्रस्तुत जवाब व तर्क प्रमाणित एवं समाधानकारी नहीं हैं, और कोई वैध दस्तावेज या खरीदी रसीद प्रस्तुत नहीं की गई। अतः यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लंघन मानते हुए न्यायालय ने संबंधित थाना उदयपुर में प्राथमिकी दर्ज करने तथा 7 दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है। साथ ही, जप्त की गई 1640 बोरी यूरिया उर्वरक को जिला विपणन अधिकारी, अम्बिकापुर की सुपुर्दगी में देने के निर्देश भी पारित किए गए हैं।

# लिव इन में रह रही युवती फांसी लगाकर की आत्महत्या

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

लिव इन में साथ रह रही युवती, पति के झापड़ मारने से रूष्ट होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मायका पक्ष ने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। न्यायिक अधिकारी के मौजूदगी में पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा कराया गया। जानकारी के मुताबिक धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सखौली में बसंती सिंह 20 वर्ष, करीब 3 वर्ष से लिव इन में रामदयाल सिंह के साथ रह रही थी। दोनों के बीच विवाद की होते रहती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को बसंती किसी बात को लेकर अपने पति रामदयाल से विवाद कर रही थी, जिससे गुस्से में आकर वह एक झापड़ मार दिया था। इसके बाद उसकी पत्नी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर में चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने पर पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मायके पक्ष की ओर से पहुंचे लोगों के द्वारा मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा की स्थिति निर्मित की गई, पुलिस ने इन्हें समझाइस देकर पोस्टमार्टम में सहयोग करने के लिए कहा।

# निर्मित शासकीय भवनों से सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांतिप्रकाशपुर में निर्माणाधीन व निर्मित शासकीय भवनों के सामानों की चोरी के मामले में सरपंच और सचिव की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत कांतिप्रकाशपुर के सरपंच, सचिव ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोरों द्वारा शासकीय भवनों, निर्माण कार्य स्थलों से लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। चोर लुचकी घाट में निर्माणाधीन कचरा शेड़ का खिडक़ी, छत का सीट और पाइप चोरी करके ले गए। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय, काली मंदिर के पास का बाहर का दरवाजा तोडक़र अंदर का 4 दरवाजा और नल का सामान चोरी कर लिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत में निर्मित गौठान का सीट, पाइप एवं हैण्डपंप चोरी होने का वाक्या सामने आया है। चोरी गए सामानों की कीमत लगभग 80 हजार रुपये बताई गई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# जमीन में सो रही महिला को सांप डसा, मौत

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

लकवा पीड़ित पति के खाट के करीब जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही वृद्ध महिला को सांप डस लिया, क्षेत्रीय अस्पताल से रेफर करने पर अंबिकापुर लाते वक्त उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम चैनपुर, प्रतापगढ़ की सिबड़ी लकड़ा पति इसहाक लकड़ा 66 वर्ष, 13 जुलाई की रात को जमीन पर बिस्तर लगाकर मच्छरदानी के अंदर सो रही थी। देर रात करैत सांप उसके दाहिना पैर के घुटना में डस लिया, और चूहा के बिल में घुस गया। महिला इसकी जानकारी परिजन को दी। देर रात एक बजे परिजन उसे सीतापुर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर निजी वाहन की व्यवस्था करके महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। आपातकालीन चिकित्सा परिसर में चिकित्सक ने आईसीयू में बेड नहीं होने की जानकारी दी। इसके बाद स्वजन उसे होलीक्रॉस अस्पताल ले गए यहां 14 जुलाई की शाम को चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण केंद्रों और सहकारी बैंक का किया औचक निरीक्षण

## किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने व वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने के दिया निर्देश

### कलेक्टर ने समिति केंद्र में खाद की गुणवत्ता का किया अवलोकन

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आज सीतापुर विकासखंड के सेदम एवं भूसू स्थित खाद-बीज वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूरिया, डीएपी, इफको, पोटाश और धान बीज की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान डीएमओ ने जिले में खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि इस समय एनपीके 240 मेट्रिक टन, डीएपी 450 मेट्रिक टन और नैनो डीएपी 2160 नग उपलब्ध हैं। खाद सामग्री समितियों को भेजी जा चुकी है। जिसका किसानों को शीघ्र वितरण प्रारंभ






किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि खरीफ सीजन के इस महत्वपूर्ण समय में सभी किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने समिति केंद्र में खाद की गुणवत्ता का भी बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर किसान तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।

**जिला सहकारी मर्यादित बैंक का निरीक्षण :** कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने सीतापुर स्थित जिला सहकारी मर्यादित बैंक पहुंचकर बैंकिंग प्रक्रिया का आलोकन किया एवं किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो बैंकिंग अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने किसानों द्वारा लिए गए ऋण की स्थिति की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री नीरज कौशिक, तहसीलदार, डीएमओ, खाद्य अधिकारी तथा सीसीबी नोडल अधिकारी भी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने युवाओं को राजमिस्त्री प्रशिक्षण

- सरगुजा के कुंवरपुर में 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ
- राजमिस्त्री के प्रशिक्षण से मिलेगा युवाओं को रोजगार का अवसर

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सरगुजा जिले के जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत कुंवरपुर में राजमिस्त्री कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण RSETI (रूरल स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में राजमिस्त्रियों की कमी को दूर करना और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इस प्रशिक्षण में 35 स्थानीय युवाओं को शामिल किया गया है, जिन्हें आवास निर्माण से संबंधित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला



सरगुजा श्री विनय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, समर्पण और कौशल अर्जन के महत्व पर बल देते हुए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी युवाओं के साथ साझा की। सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे स्वावलंबी बनकर निर्माण क्षेत्र में



कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्य विकासखण्डों में भी प्रारंभ किए जाएंगे। गौरतलब है कि सरगुजा जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 34337 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक 9313 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इस लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखते हुए राजमिस्त्री प्रशिक्षण की पहल की गई है।

# परीक्षा केंद्र में आवश्यक व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

## कलेक्टर ने व्यापम द्वारा जारी गाइडलाइन को कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आदेश जारी कर जिले में आगामी 20 जुलाई 2025 से आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों में व्यापम द्वारा जारी गाइड लाइन को कड़ाई से पालन करने निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सुरक्षा जांच के लिए हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर और मैन्युअल पैट डाउन (हाथों से तलाशी) किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी की तैनाती की जाएगी, जो अभ्यर्थियों की जांच करेंगे। ये पुलिसकर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2.30 घंटे पहले केन्द्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मी से ही कराई जाएगी। परीक्षा शुरू होने के बाद पुलिस कर्मी परीक्षा केंद्र और उसके बाहर संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करेंगे। अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे ताकि उनकी तलाशी और सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। जैसे कि, यदि परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शुरू होती है, तो मुख्य द्वार 9:45 बजे बंद हो जाएगा। व्यापम के गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने।

CMYK

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ की बैठक, लाइव-फायर अभ्यास का मुद्दा उठाया

**बीजिंग, 15 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उस लाइव-फायर नौसैनिक अभ्यास को लेकर शिकायत की, जो ऑस्ट्रेलिया के तट के पास किया गया था और जिसकी वजह से कई वाणिज्यिक विमानों को अपना रास्ता बदलना पड़ा था। यह अभ्यास फरवरी में हुआ था, जिसमें चीनी युद्धपोतों का एक बेड़ा ऑस्ट्रेलिया के चारों ओर से होते हुए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तस्मान सागर के ऊपर से गुजरा। यह इलाका ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच व्यस्त हवाई मार्गों में से एक है। इसे चीन की सैन्य ताकत के प्रदर्शन के तौर पर देखा गया और यह उन कई मुद्दों में से एक था जिन्हें अल्बनीज ने बैठक में उठाया। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा, राष्ट्रपति शी ने कहा कि चीन सैन्य अभ्यास करता है, जैसे ऑस्ट्रेलिया भी अभ्यास करता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभ्यास अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं था, लेकिन इस बात को लेकर चिंता जताई गई कि इसकी जानकारी किस तरह दी गई और लाइव-फायर अभ्यास के तरीके पर भी सवाल उठे।

**ताइवान के मुद्दे पर नहीं की कोई टिप्पणी :** अल्बनीज ने यह भी कहा कि ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका अपने सहयोगियों पर जो दबाव बना रहा है, उसके बारे में राष्ट्रपति शी ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा, मैंने ताइवान पर ऑस्ट्रेलिया की स्थिति दोहराई,जिसमें यथास्थिति का समर्थन करते हैं। ऑस्ट्रेलिया, चीन की एक चीन नीति के तहत चीन को ही एकमात्र वैध सरकार और ताइवान को चीन का हिस्सा मानता है।

**प्रधानमंत्री बनने के बाद अल्बनीज का दूसरा चीन दौरा :** अल्बनीज ने शी की बात से सहमति जताई और कहा, इस दृष्टिकोण से वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों को बहुत सकारात्मक लाभ हुए हैं। यह अल्बनीज के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीन का दूसरा दौरा है। वह 2022 में प्रधानमंत्री बने थे। ऑस्ट्रेलिया एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तरह चीन और अमेरिका के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को होने वाले निर्यात पर निर्भर है। लेकिन वह अमेरिका के साथ मिलकर चीन में मानवाधिकार उल्लंघन और प्रशांत क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियों को लेकर भी चिंता जताता है। अल्बनीज 2022 से चीन के साथ संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।



## अल्बनीज ने चीन के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात

इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की 10वीं वर्षगांठ है और दोनों सरकारों ने इस समझौते की समीक्षा कर आर्थिक संबंधों को बेहतर बनाने पर सहमति जताई है। जिनपिंग के साथ बैठक के बाद अल्बनीज ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और नेशनल पीपल्स कांग्रेस के प्रमुख झाओ लेजी से भी मुलाकात की। बैठक की शुरुआत में शी जिनपिंग ने कहा कि मतभेदों को एक तरफ रखकर समान विषयों की तलाश की नीति हमारे दोनों देशों और लोगों के मूल हितों के अनुकूल है।

## एक हफ्ते के चीन दौरे पर हैं अल्बनीज

शंघाई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, हमारी एक चौथाई नौकरियां व्यापार पर निर्भर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया अब व्यापार को विविध बनाने के लिए इंडोनेशिया और सिंगापुर जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से संबंध मजबूत कर रहा है। अल्बनीज इस समय एक हफ्ते के चीन दौरे पर हैं। उनका यह दौरा शंघाई से शुरू हुआ, जो चीन की कारोबारी राजधानी है। यहां उन्होंने चीनी सरकार और व्यापार जगत के नेताओं से मुलाकात की और पर्यटन बढ़ाने और स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन घटाने को लेकर सहयोग पर चर्चा की।

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा की मौत की सजा टली

**सना, 15 जुलाई 2025।।** यमन में मौत की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। मंगलवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है।



## भारत और यमन के धर्मगुरुओं की बातचीत जारी

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।

## कांथापुरम बोले...इंसानियत के नाते माफी की मांग की

मुफ्ती कांथापुरम ने बात करते हुए कहा- इस्लाम में हत्या के बदले दीया (मुआवजा) देने का भी रिवाज है। मैंने उनसे दीया स्वीकार करने की अपील की क्योंकि यहां पार्टी इसके लिए तैयार है। इस बारे में बातचीत चल रही है। कंथपुरम ने आगे कहा कि निमिषा की मौत की सजा कुछ दिनों के लिए टाल दी गई है। हमने इंसानियत के नाते उसकी माफी की मांग की है। अगर ऐसी मांग मान ली जाती है, तो भारत में मुसलमानों के लिए बहुत आसानी होगी। यहां मुसलमान और हिंदू सभी एक मंच पर रहते हैं।

## निमिषा पर यमन के नागरिक की हत्या का केस

भारतीय नर्स निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। भारत के पास यमन में स्थायी राजनयिक मिशन (दूतावास) नहीं है। 2015 में राजनीतिक अस्थिरता के कारण राजधानी सना में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था और इसे जिबूती में ट्रांसफर कर दिया गया था। भारत सरकार यमन सरकार से मुख्य रूप से 'नॉन-रेजिडेंट राजदूत' के जरिए बात करती है। फिलहाल भारत सरकार रियाद में मौजूद राजदूत के जरिए बातचीत कर रही है।

# सीरिया में शिया-सुन्नी की लड़ाई में इजराइल की एंट्री, सीरियाई टैंकों पर बम गिराए, 2 दिनों में 100 लोगों की मौत

**दमिश्क, 15 जुलाई 2025।** सीरिया में दो समुदायों के बीच संघर्ष में इजराइल की भी एंट्री हो गई है। इजराइली सेना ने मंगलवार को सीरियाई सैन्य टैंकों पर हमला किया। ये हमला उस समय हुआ जब सीरियाई सरकार के सुरक्षाबल स्वेदा प्रांत में ड्रूज मिलिशिया और बेदोइन जनजातियों के बीच हो रही हिंसक झड़पों को रोकने पहुंचे थे। स्वेदा प्रांत सीरिया के दक्षिण इलाके में है और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हो चुका है। ष्ट्हह की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 2 दिनों में शिया ड्रूज और सुन्नी बेदोइन कबीलों के बीच हुई झड़प में करीब 100 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई सैनिकों पर बेदोइन समुदाय की मदद करने के आरोप लगे। इस पर इजराइल ने नाराजगी जताई और कहा कि सीरियाई सरकार ड्रूज समुदाय पर हमला करने के लिए अपने सैनिकों और हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। इसलिए इजराइल ने सुवेदा के आसपास के इलाकों में सीरियाई सरकारी बलों पर बमबारी की है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि इस कार्रवाई का मकसद ड्रूज समुदाय की रक्षा करना है, क्योंकि इजराइल और इजराइली कब्जे वाले गोलान हाइट्स में ड्रूज लोगों से उनके गहरे रिश्ते हैं।

# भारत की विकास यात्रा के केंद्र में शिक्षा बनी रहनी चाहिए : हरदीप सिंह

नई दिल्ली, 15 जुलाई 2025।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा भारत की विकास यात्रा के केंद्र में बनी रहनी चाहिए। पुरी ने 'भारत में स्कूली शिक्षा सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच'' विषय पर सामाजिक विकास परिषद के द्वारा यहां आयोजित संगोष्ठी में यह बात कही। पुरी ने जोर देकर कहा कि शिक्षा राष्ट्र की प्रगति के लिए बुनियादी आधार है। आज की 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का भारत का सफर सार्वभौमिक, उच्चगुणवत्ता और समावेशी शिक्षा के माध्यम से ज़िम्मेदार और उत्पादक नागरिकों की एक पीढ़ी के पोषण पर निर्भर करता है। शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक गारंटी के बाद से साक्षरता, नामांकन और स्कूल के बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।




केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि 2002 में वाजपेयी सरकार के दौरान 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के जरिए शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक नींव डाली गई थी, जिसने अनुच्छेद 21-ए के तहत इसे मौलिक अधिकार बनाकर 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी दी। इस निर्णायक कदम ने प्राथमिक शिक्षा को एक नीति निर्देशक सिद्धांत से एक प्रवर्तनीय अधिकार में बदल दिया, जिसके परिणामस्वरूप 2009 में आरटीई अधिनियम पारित हुआ। पुरी ने कहा कि इस ऐतिहासिक सुधार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2014 के बाद और सशक्त किया गया, जब इसे प्राथमिकता देते हुए अनेक प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से लागू किया गया। उन्होंने बताया कि युवा साक्षरता दर लगभग 97 फीसदी तक पहुंच गई है, लैंगिक साक्षरता अंतर में उल्लेखनीय कमी आई है, जिसे 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों से बल मिला है। वहीं, प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर 84 फीसदी से बढ़कर 96 प्रतिशत हो गई है और उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन 62 फीसदी से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गयी है।

# प्रधानमंत्री आवास, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में प्रगति लाने दिए निर्देश





**बलरामपुर, 15 जुलाई 2025(घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, सहित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग को बेहतर करने के लिए सभी विभागीय अधिकारी नियमित रूप से सतत् निगरानी रखते हुए प्रगति लाएं। जहां लक्ष्य से पीछे है, वहां संबंधित अधिकारी त्वरित कार्ययोजना बनाकर सुधार करें। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर दर्ज प्रगति के आधार पर ही राज्य स्तर पर जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि पोर्टल में डाटा की शुद्धता, समयबद्ध प्रविष्टि को प्राथमिकता दें, ताकि शासन की मंशा अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने राजस्व प्रकरणों नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, डायवर्सन तथा अभिलेख दुरुस्तीकरण सहित राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले डिजिटल फसल सर्वेक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर डिजिटल फसल आंकड़ों के सत्यापन एवं प्रविष्टि का कार्य पूरी तत्परता से किया जाए।

कलेक्टर श्री कटारा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करते हुए प्रगति, निर्माणाधीन आवासों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो आवास निर्माणाधीन हैं उनका नियमित फॉलोअप किया जाए और उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए साथ ही उन्होंने जनपद सीईओ को आवास निर्माण में विशेष ध्यान देने एवं जमीनी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। कलेक्टर श्री कटारा ने पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि एनआरसी में बच्चों की भर्ती, चिकित्सकीय देखरेख, पोषण युक्त आहार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की स्थिति की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती की स्थिति भी जानी और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति, डायरिया, टायफाइड, वायरल बुखार आदि की जानकारी ली। उन्होंने जांच, पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या तथा उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जलजनित और संक्रामक रोगों का प्रकोप बढ़ता है, इसलिए स्वास्थ्य अमला पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। समय-सीमा की बैठक पश्चात् कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न की गई। जिसमें कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अनियमित पार्किंग पर कार्रवाई शुरू, नियम तोड़ने पर वाहनों पर चालानी कार्रवाई





**अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वाहनों की अनियमित पार्किंग पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देशों के साथ कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निरीक्षण के दौरान कई वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों के बजाय मार्ग में अव्यवस्थित रूप से खड़े पाए गए, जिस पर यातायात पुलिस द्वारा तत्काल चालानी कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को सूचित किया है कि 16 जुलाई 2025 से सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय या निजी वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। निर्धारित पार्किंग स्थल निम्न हैं। कंपोजिट बिल्डिंग के नीचे, नया व पुराना कंपोजिट बिल्डिंग के बीच का खाली स्थान, कलेक्ट्रेट मेन गेट क्रमांक 1 के पास स्थित पार्किंग, गेट क्रमांक 1 से अंदर प्रवेश के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पहचान पत्र जांच की जाएगी। जिनके पास पहचान पत्र नहीं होगा, उन्हें गेट पर ही वाहन खड़ा करना अनिवार्य होगा। किसी कर्मचारी या अधिकारी का वाहन कलेक्ट्रेट परिसर (गेट क्रमांक 1 से ई-सेवा केंद्र तक) के अंदर अनधिकृत रूप से खड़ा पाया गया, तो उस पर यातायात नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश की जानकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं एवं नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। कार्रवाई के दौरान अम्बिकापुर एसडीएम श्री फागेश सिन्हा, कलेक्ट्रेट अधिक्षक श्री प्रमोद सिंह, एवं पुलिस बल के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गेउर नदी कोठी पत्थर की तट पर स्थित ओकरा के शिवमंदिर में भक्तों के द्वारा किया गया जलाभिषेक

## कोठीपथल में सावन सोमवार को भक्तों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**बलरामपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** देवों के देव महादेव का प्रिय महीना सावन शुरू हो चुका है और पहला सोमवार होने के कारण देशभर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड अंतर्गत ओकरा ग्राम स्थित शिव मंदिर कोठीपथल में भी सावन सोमवार की सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। हर तरफ हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों की गूंज से भक्ति में हुआ कोठी पत्थर का शिवालय धाम आपको बता दें कि देश भर में सावन के पहले सोमवार पर महादेव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु दूर-दराज से उमड़ रहे हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को सावन के पहले सोमवार को गेऊर नदी स्थित कोठी पत्थर स्थित शिवालय धाम में हर हर महादेव की जय कर के साथ चला अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जो कोई भी कोठीपथल शिव मंदिर में दर्शन और पूजन करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।

**बारिश के बावजूद भक्तों में दिखा उत्साह :** बारिश के बावजूद शिवभक्तों में उत्साह कम नहीं रहा है। लगातार बारिश के बीच भी भक्तों की भीड़ से मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करते दिखे।



**लोगों की मान्यता है :** स्थानीय लोगों के मान्यता अनुसार उक्त शिव मंदिर अत्यंत प्राचीन है . कहा तो यहां तक जाता है कि बाबा भोलेनाथ स्वयं शिवलिंग के रूप में अवतरित हुए हैं . बाद में खुदाई के दौरान भी दोबारा इसी रूप में प्रकट हुए . वर्षों से सावन के महीने में यहां विशेष पूजा-अर्चना होती आ रही है. साथी बताया गया कि सच्चे मन से भक्तों द्वारा मांगे गए मुराद भी बाबा पूरी करते हैं।

# घर के बाउंड्रीवॉल के अंदर से स्कूटी चोरी

**अम्बिकापुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत किराए के मकान से स्कूटी चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोर बाउंड्रीवॉल को फांदकर कॉलोनी परिसर में प्रवेश करके चोरी की घटना को अंजाम दिए। जशपुर जिला के कुनकुरी थाना अंतर्गत ग्राम ठेठेटांगर निवासी अभय खेस ने पुलिस को बताया है कि वह संजय कॉलोनी अंबिकापुर में किराए के रूम में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसकी बुआ नूर संगीता खेस्स अपनी स्कूटी वाहन कमांक सीजी 14 एमयू 0379 को पढ़ाई के लिए आने-जाने में दिक्कत न हो, इसलिए दी थी। 10 जुलाई को शाम 5 बजे के लगभग छात्र स्कूटी को बाहर वाले रूम में लॉक करके खड़ा कर दिया था। रात्रि 11.30 बजे तक स्कूटी कमरे में था, इसके बाद वह सोने के लिए चला गया। 11 जुलाई को सुबह 8 बजे उठा तो स्कूटी कमरे में नहीं था।

# सात साल से आदिवासी महिला का यौन शोषण करने वाला फर्जी पत्रकार गिरफ्तार, 12 घंटे में जेल भेजा गया

## पत्रकारिता की आड़ में डर-धमकाकर करता था हैवानियत, एक लाख की फिरौती मांगते हुए दबोचा गया आरोपी

**बलरामपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** फर्जी पत्रकारिता की आड़ में सात साल तक आदिवासी महिला का यौन शोषण करने वाले आरोपी को बलरामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी अली खान उर्फ अली हुसैन अंसारी खुद को पत्रकार बताकर महिला को बदनाम करने और उसके पति को गोली मारने की धमकी देकर लगातार प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी ने पीड़िता से एक लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 100/2025 दर्ज किया और तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया।



**क्या है पूरा मामला :** थाना कोतवाली बलरामपुर क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी महिला ने 14 जुलाई को थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि अली खान उर्फ अली हुसैन अंसारी पिताः स्व. कासिम अंसारी 35 वर्ष जो स्थायी पता ग्राम खपरो, थाना रंका, जिला गढ़वा, झारखंड, वर्तमान निवासी ग्राम चंद्रनगर, चौकी तातापानी, थाना रामानुजगंज का निवासी है। वर्ष 2018-19 से पत्रकार होने का झांसा देकर मोबाइल पर बातचीत शुरू की। पीडिताक़ ने बताया कि जल्द ही वह अश्लील बातें करने लगा और बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

इसके बाद वर्ष 2019 से लेकर जून 2025 तक आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को डराकर कई बार बलात्कार किया। महिला ने अपने वैवाहिक जीवन को टूटने से बचाने के लिए यह बात छिपाए रखी। आरोपी ने इस चुप्पी का फायदा उठाकर शारीरिक शोषण जारी रखा और कई बार पैसे भी वसूले। अंत में आरोपी ने पीड़िता के पति को गोली मारने की धमकी देकर एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी।

# सत्ता और संगठन की लड़ाई सोशल मीडिया से सड़क पर आई,मण्डल पदाधिकारियों ने विधायक पीए के खिलाफ दिया धरना,नारेबाजी भी की...

### मंदिर में मूर्ति स्थापना के दौरान विधायक के पीए पर मंडल पदाधिकारियों के खिलाफ जातिगत अपशब्द कहने का लगा आरोप

### विधायक के पीए ने आरोपों का किया खंडन कहा मैंने किसी को कोई भी अपशब्द नहीं कहा

### सोशल मीडिया पर भारी घमासान आरोपों के बीच धरना प्रदर्शन कल से लगातार जारी

### जिला पंचायत सदस्य,जनपद अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य भी हुए धरने में शामिल,धरने का किया समर्थन

### मंडल पदाधिकारियो का आरोप मण्डल अध्यक्ष पर की गई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं...

**सोनहत में सत्ता संगठन के घमासान से चारो तरफ हो रही किरकिरी,सत्ता संगठन के घमासान के बीच साहू समाज के जिलाध्यक्ष ने भी जारी किया बयान**






















-रवि सिंह-
**कोरिया,15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
भरतपुर सोनहत विधानसभा में मण्डल पदाधिकारीयो एवं सत्ता पक्ष के बीच घमासान थमने का नाम नही ले रहा है,पहले कार्यकर्ताओ की उपेक्षा से शुरू हुआ विवाद धीरे धीरे बाहरी ठेकेदारों तक पहुचा और काफी गर्म हो गया,इसके बाद सत्ता संगठन के बीच का विवाद अब सोशल मीडिया से सड़क पर पहुच गया है,जिसमे मण्डल के समस्त पदाधिकारी सहित स्थानीय भाजपा के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने विधायक के पीए मनोज शुक्ल के खिलाफ मण्डल महामंत्री पर जाती सूचक गाली देने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए और विधायक के निज सहायक के खिलाफ जम कर नारे बाजी की यह धरना पूरे दिन के बाद रात भर चला मण्डल पदाधिकारी रात भर धरना स्थल पर ही रहे जिसके बाद दूसरे दिन भी धरना लगातार जारी है।

## क्या था मामला

दरअसल सोनहत में मजार के बगल में भगवान शिव की स्थापना की जा रही थी जिसके लिए पहले से तनाव की स्थिति थी । देर रात भगवान शिव की स्थापना की गई। मनोज साहू का आरोप है कि महामंत्री जनपद सदस्य सहित सैकड़ों लोगों ने प्रशासन से सीधा संघर्ष कर कार्य को चालू रखा, रात्रि में निर्माण स्थल पर संगठन के पदाधिकारियों को निज सहायक द्वारा अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया और कहा गया कि शिवलिंग की स्थापना में उनकी टीम का रोल है। इसके बाद मंडल पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और नारेबाजी भी की मनोज साहू ने आरोप लगाया है कि उन्हें लगातार अनदेखा कर योजनाओं में बाहरी लोगों को तरजीह दी जा रही है। साथ ही अब मण्डल के कार्यकर्ताओं को अपमानजनक शब्दों का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनके खिलाफ नहीं बल्कि पूरे सोनहत क्षेत्र की उपेक्षा और अपमान है। इस घटनाक्रम के बाद सोनहत क्षेत्र में भारी नाराजगी फैल गई है। स्थानीय कार्यकर्ताओ के अलावा जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य सहित भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मनोज साहू के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचकर एकजुटता दिखाई। वही विधायक के निज सहायक मनोज शुक्ला ने भी लगाए गए आरोपो का भी सिरे से खण्डन करते हुए कहा है कि वहां पर किसी से कोई बात ही नही हुई तो आरोपो का सवाल ही नही है। उन्होंने किसी भी प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया है, सारे आरोप बेबुनियाद है एवं राजनीति प्रेरित है, आगे यह भी कहा कि मेरे ऊपर जो बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं उसका निपटारा मैं विधिक तरीके से करूँगा। वही विधायक के निज सहायक के बचाव में भी बहुत से समर्थकों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख कर सभी आरोपों को खारिज किया है।

### सोशल मीडिया पर छाया संग्राम आरोप प्रत्यारोपो की बौछार

सोशल मीडिया पर इस समय मण्डल के पदाधिकारियों और सत्ता पक्ष के समर्थकों सहित विधायक के निज सहायकों के बीच आरोपो की झड़ी लगी हुई है, सभी एक दूसरे के ऊपर भारी भरकम आरोप लगा रहे हैं। जिससे कही न कही भाजपा सरकार की भारी भरकम किरिकरी हो रही है। वही लोगो मे दो अलग अलग की चर्चाएं हैं कुछ लोगो का कहना है कि मण्डल पदाधिकारियों को निर्माण कार्य नही मिलने के कारण वो लोग परेशान है तो वही एक बड़े वर्ग का यह भी मानना है कि जो लोग चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दिए उन्हें सत्ता से किनारे करना सही नही है। वही बाहरी लोगों के हस्तक्षेप का मुद्दा अब सोनहत में गहराता जा रहा है और शायद यही सत्ता और संगठन के बीच मतभेदों का कारण बनता जा रहा है। वही इन आरोपों प्रत्यारोपों के बीच मण्डल के पदाधिकारियों ने कुछ लोगों के ऊपर मण्डल अध्यक्ष के ऊपर भी अपमान जनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है, मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि मण्डल अध्यक्ष आंशिक दिव्यांग है उनके दिव्यांगता पर टिप्पणी करना बेहद निंदनीय है।

### गोंडवाना के राष्ट्रीय महामंत्री ने ली चुटकी

सोनहत में सत्ता और संगठन के मतभेद उजागर होने एवं मंदिर निर्माण व स्थापना के दौरान सोशल मीडिया में भाजपा नेताओं के पोस्ट पर गोंडवाना के श्याम सिंह मरकाम ने चुटकी लेते हुए अपने फेसबुक पोस्ट पर लिखा की किसी व्यक्ति को भगवान महादेव की उपाधि न दी जाए सोनहत में बस विकास की जरूरत है उसे ध्यान दिया जाए, वही गोंडवाना के महामंत्री नीलेश पाण्डेय ने भी भाजपा नेताओं के पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए उसे गलत करार दिया है।

### साहू समाज के जिलाध्यक्ष का बयान भी सोशल मीडिया पर वायरल

वही इस सम्बंध में सोशल मीडिया पर साहू समाज के अध्यक्ष जगदीश साहू का भी बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें लिखा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि मनोज साहू द्वारा कथित रूप से जातिगत गाली-गलौज से संबंधित कुछ पोस्ट की जा रही हैं। इस मामले में साहू समाज के किसी भी अधिकृत पदाधिकारी को पूर्व में कोई जानकारी नहीं दी गई, और न ही समाज की सहमति से कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। जब तक इस प्रकरण में कोई ठोस एवं सत्यापित प्रमाण प्राप्त नहीं होते, तब तक किसी भी व्यक्ति पर आरोप लगाना अनुचित है साहू समाज को इस विषय में मनोज साहू की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं प्राप्त हुई है। जब तक किसी भी प्रकार का ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक साहू समाज इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया या सार्वजनिक पोस्ट नहीं करेगा। उक्ताशय का बयान सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल है घटती घटना उक्त बयान की पुष्टि नही करता है।

### क्या मैनपाठ की सीख काम नही आएगी ?

मैन पाठ के प्रशिक्षण शिविर में विधायक और सांसदों को सत्ता संगठन से ताल मेल बना कर कार्यकर्ताओ को लेकर चलने की सीख भाजपा के बड़े नेताओं ने दिया था क्या यह प्रशिक्षण सिर्फ नाम मात्र के लिए था? क्या वाकई अब सत्ता संगठन की दूरियां कम नहीं होंगी? क्या पुराने और मेहनती कार्यकर्ता अब हाशिये पर जाएंगे? क्या निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी अब हाशिये पर जाने की कगार पर हैं? सोनहत क्षेत्र में सत्ता और मण्डल के संग्राम में कई सवाल जन्म ले रहे हैं जिनका जवाब अभी भविष्य के गर्भ में है।

### क्या मंडल पदाधिकारियों के धरने को मिल रहा समर्थन ?

मंडल पदाधिकारियों के।धरना प्रदर्शन को समर्थन मिलना काफी कुछ इशारे कर रहा है जनपद अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सहित कुछ जनपद सदस्यों का धरने में शामिल होना और समर्थन देना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संलगिनकरण के आदेश का नहीं हो रहा है विकास खंड में पालन आदेश के बाद भी कर्मचारियों को नहीं भेजा जा रहा है मूल कार्यालय में...

-संवाददाता-
**खड़गवां,15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
सरकार के द्वारा संलगनिकरण पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है सरकार के आदेश का पालन खड़गवां विकासखंड में नहीं किया जा रहा है छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा स्थानांतरण करने का आदेश जारी किया है एवं साथ ही कहा है कि संलगनिकरण पूर्णतः समाप्त किया जाए जो अपने मूल कार्यालयों से दूसरे कार्यालयो में संलग्न है उन कर्मचारियों को तत्काल मूल कार्यालय भेजा जाए जून माह से संलगनिकरण का आदेश समाप्त माना जाए लेकिन विकासखंड खड़गवां में छत्तीसगढ़ सरकार के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। जबकि शिकायतकर्ता ने शिकायत किया गया था कि शिक्षा विभाग के कर्मचारी अन्य कार्यालयों में संलग्न किए गए हैं। जो कि राजस्व विभाग में ऐसे कर्मचारियों को मूल विभाग भेजा जाए शिकायत के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर शिक्षा विभाग के संलग्न कर्मचारियों को मूल पद शिक्षा विभाग में वापस किया जाए मगर आज तक एक माह बाद भी कर्मचारियों को वापस नहीं भेजा गया है। छत्तीसगढ़ शासन का आदेश भी जारी है कि संलगनिकरण पूर्णतः खत्म करते हुए विकासखंड खड़गवां के अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है। जिससे शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारियों के राजस्व विभाग में संलग्न होने के कारण कार्यालय एवं शालाओं में कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

# भाजपा सरकार पर बिजली दरों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने लगाया 'डकैती' का आरोप





कांग्रेस भाजपा सरकार की इस जनविरोधी नीति का पुरजोर विरोध करती है और जनता के हित में सड़क से विधानसभा तक संघर्ष करेगी।
**अशोक श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस**

-संवाददाता-
**मनेंद्रगढ़,15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**
जिला कांग्रेस कमेटी ने आज मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी जिले के मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता की जेब में डकैती डाली है। अशोक श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू दरों पर 25 पैसे प्रति यूनिट और किसानों के कृषि पंपों पर 50 पैसे प्रति यूनिट की भारी वृद्धि कर दी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से त्रस्त किसान अब और बदहाल हो गए हैं।

### इतिहास दोहराते हुए जनता को लूट रही भाजपाःकांग्रेस

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के इतिहास में जनता को लूटने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए गए। उन्होंने बताया कि 2003 में घरेलू बिजली दर 3.30 रुपये प्रति यूनिट थी, जिसे भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने 2018 तक बढ़ाकर 6.40 रुपये कर दिया था। कांग्रेस शासनकाल के पांच वर्षों में दरें लगभग स्थिर रहीं और वृद्धि न्यूनतम रही। उन्होंने आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार ने जहां केवल 0.32 प्रतिशत दर वृद्धि की, वहीं भाजपा की वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में ही 13त्न बढ़ोतरी कर दी।

### कोयला,पानी, जमीन हमारी फिर महंगी बिजली क्यों ?

कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के संसाधन जनता के हैं, तो उन्हें महंगी बिजली क्यों दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और अधिकारियों के करोड़ों के बकाया बिल वसूले बिना आम उपभोक्ताओं से बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस बढ़ रहा है और उसका खामियाजा भी जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### केंद्र सरकार की नीतियां भी जिम्मेदार

पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि ग्रीन टैक्स और रेलवे मालभाड़ा बढ़ाकर बिजली उत्पादन महंगा कर दिया गया है। थर्मल प्लांटों को महंगे दर पर कोयला खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### स्मार्ट और प्रीपेड मीटर पर भी उठाए सवाल

जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने स्मार्ट मीटर और प्रस्तावित प्रीपेड मीटर योजना को लेकर भी आशंका जताई। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से अधिक बिल वसूला जा रहा है और प्रीपेड मीटर के जरिए जनता को और लूटने की तैयारी है।

### कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा भाजपा सरकार एक ओर बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं कर पा रही, अघोषित कटौती कर रही, और दूसरी ओर दरें लगातार बढ़ाकर जनता को लूट रही है। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।

CMYK

# प्रशांत राजवाड़े केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के हाथ छत्तीसगढ़ गौरव शिक्षा रत्न पुरस्कार से हुए सम्मानित



-रवि सिंह-
कोरिया, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
भारत सरकार केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और बिलासपुर महापौर पूजा विधानी के गरिमामयी आतिथ्य में प्रशांत कुमार राजवाड़े को छत्तीसगढ़ गौरव शिक्षा रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया, प्रशांत कुमार राजवाड़े को यह सम्मान उनको ग्रामीण एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शिक्षा को प्रोत्साहन,नशा मुक्ति हेतु जागरूकता और सामाजिक समरसता में योगदान हेतु दिया गया है,राष्ट्र की एकता व अखंडता और सामाजिक सरोकार के माध्यम से देश सेवा हेतु प्रेरित करने,युवाओं को लक्ष्य आधारित शिक्षा के साथ अध्यात्म से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना इनका प्रयास रहता है, शिक्षा, ऊर्जा और समाज सेवा के समर्पित पथिक प्रशांत कुमार राजवाड़े जी की प्रेरणादायक यात्रा जहाँ शिक्षा, सेवा और संघर्ष एक साथ चलते हैं, वहीं से निकलते हैं असली राष्ट्र निर्माता। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के एक छोटे से गांव बिशनपुर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और सामाजिक चेतना की लौ जलाने वाले प्रशांत कुमार राजवाड़े आज युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। उनके जीवन का हर चरण उनके दृढ़ निश्चय,मेहनत और समाज के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

## पारिवारिक पृष्ठभूमि और मूल प्रेरणा

प्रशांत कुमार राजवाड़े एक शिक्षित और संस्कारी परिवार से आते हैं। उनके पिता श्री रामफल राजवाड़े शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारा (बैकुंठपुर) में वाणिज्य संकाय के व्याख्याता हैं, जबकि माता श्रीमती प्रतिमा राजवाड़े महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत हैं। माता-पिता दोनों ही समाज सेवा, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहे हैं, जिनसे उन्हें प्रेरणा और दिशा मिली।
शैक्षिक उत्कृष्टता-तकनीकी और अकादमिक दोनों में प्रशांत की शिक्षा-दीक्षा प्रारंभ से ही अनुशासित और लक्ष्य पूर्ण रही है,बी.ई. (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) छत्तीसगढ़ स्वामी




विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई, एम.टेक. (थर्मल इंजीनियरिंग),राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल,पीएचडी. स्कॉलर (थर्मल इंजीनियरिंग) भोपाल, उन्होंने तकनीकी शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित नहीं रखा,बल्कि उसे समाज में लागू करने का सतत प्रयास किया है।

## शिक्षण और तकनीकी अनुभव

प्रशांत कुमार राजवाड़े को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 4 वर्षों का अनुभव में सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, अंबिकापुर व बैकुंठपुर में व्याख्याता (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण रायपुर में सब-इंजीनियर (पी.सी.), शंकरा अकैडमी, बिलासपुर में पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर, इनके अनुभवों की विविधता उनकी बहुपरतीय क्षमताओं को दर्शाती है तकनीकी, प्रशासनिक, और अकादमिक तीनों क्षेत्रों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

## सिविल सेवा की तैयारी: संघर्ष की मिसाल

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा में 5 बार मुख्य परीक्षा हेतु चयन हुआ है,साथ ही 2 बार अंतिम पड़ाव इंटरव्यू (साक्षात्कार) के लिए चयनित होकर क्षेत्र को गौरवान्वित किए हैं,उन्होंने 7 वर्षों तक सिविल सर्विसेज की कठोर तैयारी कर यह साबित किया कि एक सामान्य ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाला युवा भी बड़े सपनों को संजो सकता है। इस दौरान उन्होंने अपने ज्ञान और विवेक से न सिर्फ खुद को मांजा,बल्कि कई युवाओं का मार्गदर्शन भी किया।

## समाजसेवा और राष्ट्रीय चेतना

प्रशांत कुमार राजवाड़े का प्रमुख उद्देश्य है ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में शिक्षा को प्रोत्साहन,नशा मुक्ति हेतु जागरूकता और देश की अखंडता हेतु युवाओं को प्रेरित करना, उन्होंने कई विद्यालयों में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय,शासकीय विद्यालयों सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों को नशा मुक्ति, शिक्षा के महत्व और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रोत्साहित किया है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करके शिक्षा को गौरवपूर्ण बनाने की दिशा में भी उनका प्रयास सराहनीय है। सम्मान एवं विशिष्टताएं-ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और समाजसेवा के लिए विशेष पहचान,कई अकादमियों और कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन,नशा मुक्ति अभियान और सामाजिक समरसता के लिए सक्रिय सहभागिता,प्रशांत कुमार राजवाड़े न केवल एक शिक्षा और तकनीकी विशेषज्ञ हैं, बल्कि एक ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो ज्ञान को सामाजिक उत्थान से जोड़ते हैं। उनकी यात्रा हमें यह सिखाती है कि यदि उद्देश्य स्पष्ट हो, परिश्रम निरंतर हो और भावनाएं राष्ट्रहित में हों, तो कोई भी बाधा स्थायी नहीं होती। ऐसे युवा भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में एक मजबूत कड़ी बनते हैं।

## अन्य उपलब्धियां

1.भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा नेशनल कैडेट कोर में बी और सी सर्टिफिकेट जूनियर अंडर ऑफिसर जेयुओ रैंक के साथ प्रदान किया गया है! आर्मी अटैचमेंट कैम्प, ग्वालियर में भारतीय थल सेना द्वारा प्रशिक्षित कैडेट है,भारतीय नौसेना (इंडियन नेवी) में सर्विस सिलेक्शन बोर्ड इंटरव्यू के लिए चयनित हो चुके हैं।

# डिजिटल समावेशन के 16 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सीएससी दिवस समारोह का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
सूरजपुर डिजिटल समावेशन के 16 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रायपुर सर्किट हाउस में सीएससी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथि में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य भर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्कृष्ट सीएससी संचालक को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में सूरजपुर जिले का दबदबा साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक तथा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र सेवाओं में श्री युवत कुमार को राज्य में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया है इसी क्रम में डिजिटल सेवा पोर्टल,डीजी-पे तथा




सीआरजीबी बैंकिंग में राज्य में नंबर ऑफ ट्रांजेक्शन में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया इसी प्रकार डीजी-पे माइक्रो एटीएम सेवा में श्रीमती प्रतिमा साहू को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस गरिमामयी मंच पर उप-मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने इन सभी को व्यक्तिगत रूप से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया । कार्यक्रम में श्री एन.डी.तिवारी भी उपस्थित रहे और जिले के इस गौरवशाली पल पर प्रसन्नता व्यक्त की। अपनी डिजिटल सफलता पर सभी सीएससी संचालक गांव के सुदूर क्षेत्र में निशुल्क सेवा प्रदान कर रहे है इस काम को बड़े मन और लगन से करते आ रहे है बीमार,बुजुर्ग ,दिव्यांगजानो के घर-घर बैंकिंग सेवा का पूरा लाभ पहुँचा रहे है । इस अवसर पर सूरजपुर डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एन.डी.तिवारी ने कहा कि सीएससी डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से जिले के वीएलई लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। डिजिटल सेवा पोर्टल,बैंकिंग, माइक्रो एटीएम के क्षेत्र में हमारे जिले ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है,यह हमारे लिए गौरव की बात है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सीएससी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी आधारित सेवाएं और अधिक प्रभावी तरीके से पहुँचे।

# मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल करने,कलेक्टर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश

**श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु दिये आवश्यक दिशा-निर्देश,पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक कार्ड दिखाकर ले सकेंगे श्रम अन्न योजना का लाभ,समय सीमा की बैठक संपन्न**



-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
सूरजपुर कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। जिसमें कलेक्टर ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री द्वारा विगत प्रवास के दौरान किए गये महत्वपूर्ण घोषणाओं के वर्तमान वस्तुस्थिति पर समीक्षा की और इनके प्रभावी क्रियान्वयन व कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए तथा प्रगति की नियमित रूप से जानकारी देने की बात कही।
श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिले में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को निर्देश दिये। इस योजना के माध्यम से श्रमिकों को पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाना है। पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक कार्ड दिखाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना अंतर्गत कार्डधारी श्रमिक को ही मिलेगा भोजन,इस हेतु कलेक्टर ने ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ लेने हेतु श्रमिक अपना पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में उप संचालक कृषि से खाद व बीज से के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई और कृषक बंधुओं को सुलभता के साथ खाद व बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार आरोपी को मिला 10 साल का सश्रम कारावास,1 लाख रुपए अर्थदंड भी

-सवाददाता-
सूरजपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
एक वर्ष पूर्व बाइक सवार एक युवक को बसदेई पुलिस ने 70 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई एनडीपीएस एक्ट न्यायालय सूरजपुर में हुई। इसमें न्यायाधीश ने आरोपी को 10 साल के सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।
सूरजपुर जिले की बसदेई चौकी पुलिस ने 30 अप्रैल 2024 को मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार एक युवक को नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी




संजय कुमार कुशवाहा पिता हरनारायण कुशवाहा बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवनंदनपुर का निवासी है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 30 नग एविल इंजेक्शन व 40 नग रिचोफिन इंजेक्शन मिला। इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत अपराध दर्ज कर उसे एनडीपीएस एक्ट न्यायालय सूरजपुर में पेश किया गया था। यहां से उसे जेल भेज दिया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट न्यायाधीश ने अहम फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने आरोपी संजय कुमार कुशवाहा को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21सी के आरोप में 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपए रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# करोड़ो का लेनदेन करने वाले व्यक्ति के घर आयकर विभाग ने मारा छापा

-संवाददाता-
कोरबा, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
कोरबा जिले के कटघोरा तहसील अंतर्गत ग्राम भांठागांव निवासी के घर पर आयकर विभाग की विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम ने उसके घर की तलाशी और दस्तावेज़ों की जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण का नाम एक फर्जी निवेश कंपनी Trigger NFT से जुड़ा है। यह कंपनी चिटफंड के तर्ज पर काम करती थी और लोगों को 40 दिन में पैसा दोगुना करने का लालच देकर उनसे मोटी रकम निवेश कराती थी। जानकारी के अनुसार, कटघोरा और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 लोग इस कंपनी के नेटवर्क मार्केटिंग सिस्टम के तहत काम कर रहे थे। ये लोग भोले-भाले निवेशकों को ऐप के माध्यम से पैसा लगाने के लिए प्रेरित करते थे। बताया जा रहा हैं की आईटी विभाग को इस गिरोह की लंबे समय से जानकारी थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब जाकर विभाग ने छापेमारी की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के पश्चात आम लोगों में चर्चा का माहौल है और निवेशकों में डर फैल गया है। जिन लोगों ने Trigger NFT App में पैसे लगाए थे, वे अब अपने पैसे डूबने को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि उक्त ग्रामीण इस पूरे रैकेट में किस भूमिका में शामिल था और कितने लोगों से कितना निवेश कराया गया है। आईटी विभाग की जांच अब भी जारी है और आगे कई और खुलासे होने की संभावना है। जिले में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां पैसा दोगुना करने के नाम पर लोगों को ठगा गया है।

**कार्यालय,जिला पंचायत सूरजपुर, (छत्तीसगढ़)**

//विज्ञप्ति //

**सूरजपुर दिनांक 14/07/2025**
क्रमांक 2376 / स्टोर/ जि.पं./ 2025-26 कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर के विभिन्न शाखाओं के तहत होने वाली बैठकों के लिए नास्ता, चाय पानी एवं भोजन हेतु नियम एवं शर्तों के अधीन स्थानीय स्तर पर संचालित होटल व्यवसायी / कैटर्स से बंद लिफाफे में दिनांक 06/08/2025 तक पंजीकृत डाक से स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर में कार्यालयीन समय अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 06.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे ही समस्त निविदाकारों के समक्ष निविदा खोली जायेगी।
नियम, शर्तें एवं प्रपत्र कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर (छ.ग.) अथवा जिले के वेबसाईड www.surajpur.gov.in में अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है।

सील

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
सूरजपुर(छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक:- 202507020700050/**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्रः-2024-2025

रामपुर प.ह.न. 00033
[128/5(0.0120हे0) ]
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार-** रामबाई,
**अनावेदक पक्षकार** -रूपदेव, गंगा राम, बेनी, समुद्री, नन्देश्वरी, सहोदरी.

**ईश्तहार**

आवेदिका रामबाई पत्नी कुन्टेराम निवासी ग्राम सुन्दरपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम रामपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 128/5 रकबा 0.290 हे0मेसे रकबा 0.012 हे0भूमि के राजस्व अभिलेखो में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 22.05.2014 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील

UMESHWOR SINGH BAJ
न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापर सरगुजा
(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक:- 202507020700049/**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025

रामपुर प.ह.न. 00033
[128/5(0.0160हे0) ]
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार-** पूजा यादव,
**अनावेदक पक्षकार** - रूपदेव, गंगा राम, बेनी, समुद्री, नन्देश्वरी, सहोदरी,

**ईश्तहार**

आवेदिका पूजा यादव बेवा स्व0 अशोक प्रसाद व अन्य निवासी ग्राम लोधिमा तहसील अम्बिकापर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम रामपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 128/5 मेसे रकबा 0.016 है0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 22.05.2014 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने थवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील

UMESHWOR SINGH BAJ
न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापर सरगुजा
(छ.ग.)

# पीडब्ल्यूडी परीक्षा में धांधली के विरोध में एनएसयूआई ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन




-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीसगढ़ व्यापम के द्वारा पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर के भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में संगठित नकल करने की घटना के विरोध एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में अग्रसेन चौक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन किया गया जैसा कि रविवार को बिलासपुर के एक परीक्षा केन्द्र में हाईटेक उपकरणों का उपयोग करते हुए नकल करते और उसमें सहयोग करते 2 युवतियों को पकड़ा जिनका संबंध मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर से है आकाश साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि भाजपा की सरकार जब से आयी है तब से परीक्षा में घोटाला दिन प्रतिदिन हो रहा है 17 परीक्षा केन्द्रों में 40 लोगों के संगठित सहयोग से नकल की घटना को अंजाम दिया गया है बिना राजनीतिक संरक्षण के यह संभव नहीं है परीक्षा में नकल का मामला प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली की विफलता को उजागर करता है यह बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एनएसयूआई पदाधिकारियों द्वारा दोषियों पर कठोर कार्यवाही और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है और चेतावनी भी दिया गया है कि जल्द से जल्द मामले में कार्यवाही नहीं की गई तो आन्दोलन किया जाएगा इस दौरान इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जाकेश राजवाड़े,एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजेश साहू,प्रदेश सचिव शाहरुख खान,लक्ष्मण राजवाड़े, प्रदेश सह सचिव लिवनेश सिंह,शिवम साहू,रूद्र प्रताप सिंह,उत्तम यादव,संतोष साहू,रेहान, गुलशन राजवाड़े,विनय सोनवानी,विष्णु साहू,नुमान अली,मनोज साहू,वारिश खान,विनय पैकरा,राहुल गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

CMYK

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### 114 वर्षीय मैराथन धावक का सड़क दुर्घटना में निधन



**चंडीगढ़, 15 जुलाई 2025।** अनुभवी मैराथन धावक फौजा सिंह की पंजाब के जालंधर में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह 114 वर्ष के थे। उनके निधन की पुष्टि लेखक खुशवंत सिंह ने की।

### स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास



**पिंक बॉल टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने**

**नईदिल्ली, 15 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने किंग्स्टन में खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 176 रन से हराया। कंगारू टीम के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इस मैच में ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया।

### मिचेल स्टार्क ने तोड़ा 78 साल पुराना रिकॉर्ड



**» मुरलीधरन को पीछे छोड़ बनाए कई कीर्तिमान**

**नईदिल्ली, 15 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है. स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. मिचेल स्टार्क सबसे कम गेंदों में 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए. स्टार्क ने 15 गेंदों में टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 5 विकेट हासिल किए हैं. इसके साथ ही उन्होंने अपने हमवतन एरनी टोशैक को पीछे छोड़ दिया है,

# ओलंपिक 2028 में क्रिकेट शेड्यूल का ऐलान



**लॉस एंजिल्स, 15 जुलाई 2025।** क्रिकेट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी को लेकर बड़ा ऐलान हो गया है। लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 ओलंपिक में मेडल मैचों की तारीख और वेन्यू का खुलासा हो गया है। बता दें, क्रिकेट की ओलंपिक में 128 साल बाद वापसी हो रही है। आखिरी बार साल 1900 पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था। तब केवल दो टीमें ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। उस ऐतिहासिक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन ने जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। इसके बाद से क्रिकेट ओलंपिक से बाहर रहा। अब लॉस एंजिल्स में क्रिकेट का कमबैक होने जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, ओलंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले लॉस एंजिल्स से करीब 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर स्थित फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में कराए जाएंगे। क्रिकेट मुकाबलों का आगाज 12 जुलाई 2028 को होगा, जबकि गोल्ड मेडल मुकाबले 20 और 29 जुलाई को खेले जाएंगे। ओलंपिक 2028 में कुल 16 दिन क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी 2 टीमें वूमेन्स और मेन्स कैटेगिरी में गोल्ड मेडल जीतने में सफल हो पाती हैं। हालांकि, इसके लिए अभी 3 साल का लंबा इंतजार करना होगा। भारतीय मेन्स और वूमेन्स टीम मेडल जीतने के प्रबल दावेदार के तौर पर ओलंपिक में हिस्सा लेती नजर आएंगी।

**6-6 टीमें लेंगी हिस्सा**

गौरतलब है कि मेन्स और वूमेन्स दोनों कैटेगिरी में कुल 6-6 टीमें शिरकत करेंगी। हर टीम 15 खिलाड़ियों का स्क्वॉड घोषित करेगी। इस तरह दोनों कैटेगिरी में कुल 180 खिलाड़ी इस ऐतिहासिक ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता कां प्रारूप ऐसा रखा गया है कि ज्यादातर दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे, हालांकि 14 और 21 जुलाई को कोई भी मैच आयोजित नहीं किया जाएगा।

**आईओसी ने पांच नए खेलों को दी मंजूरी**

इंटरनेशनल ओलंपिक समिति ने 2028 ओलंपिक के लिए पांच नए खेलों को मंजूरी दी थी। इनमें क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वैश भी शामिल हैं। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के पीछे की बड़ी वजह में से एक भारत में क्रिकेट का लोकप्रिय होना भी है। क्रिकेट के जुड़ने से ओलंपिक में खेलों की विविधता और रोमांच और बढ़ने की उम्मीद है।

## 43 साल में भी हार मानने को राजी नहीं जेम्स एंडरसन

**» अब इस 100 बॉल वाले टूर्नामेंट में खेलने के लिए है तैयार...**

**जमैका, 15 जुलाई 2025।** इंग्लैंड में खेले जाने वाले द हंड्रेड टूर्नामेंट के अगले सीजन की शुरुआत 5 अगस्त से होने वाली है। यह टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जाएगा। 2025 के सीजन की शुरुआत से पहले इस टूर्नामेंट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सभी 8 टीमों ने आगामी सीजन से पहले अपने वाइल्ड कार्ड प्लेयर्स के नाम का ऐलान किया है। 43 साल के इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स ने वाइल्ड कार्ड प्लेयर के रूप में टीम में शामिल किया है।



**जेम्स एंडरसन ने 11 साल बाद की टी-20 फॉर्मेट में वापसी**

साल 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले जेम्स एंडरसन हाल ही में इंग्लैंड की फेमस टी-20 लीग वाइटैलिटी ब्लास्ट में खेलते हुए नजर आए थे। 11 साल बाद टी-20 फॉर्मेट में उन्होंने वापसी की थी। लैंकशायर के लिए खेलते हुए जेम्स एंडरसन ने इस टूर्नामेंट में 8 मैचों में 14 विकेट अपने नाम किए थे। उनके इस प्रदर्शन को देखने के बाद ही अब उन्हें द हंड्रेड में खेलने का मौका मिला है। जेम्स एंडरसन की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में कुल 52 टी-20 मैच खेले हैं, जहां उनके नाम 55 विकेट दर्ज है। वह पहली बार इस द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आएंगे।

**रॉकी फ्लिंटॉफ का भी द हंड्रेड में हुआ सेलेक्शन**

एंडरसन के अलावा इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ को भी नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम ने वाइल्ड कार्ड स्पेशलिस्ट के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है। रॉकी फ्लिंटॉफ का सेलेक्शन अपने आप में काफी चौंकाने वाला है क्योंकि उन्होंने अभी तक एक भी प्रोफेशनल टी-20 मैच नहीं खेला है, उसके बाद भी उन्हें द हंड्रेड के लिए चुना गया है। आपको बता दें कि एंड्र्यू फ्लिंटॉफ इस वक्त नॉर्दर्न सुपर चार्जर्स के हेड कोच हैं।

**मेंस हंड्रेड 2025 के लिए सभी टीमों के वाइल्ड कार्ड प्लेयर्स**

**ट्रेंट रॉकेट्स:-** कैलम पार्किंसन, बेन सैंडरसन
**बर्मिंघम फीनिक्स:-** लियाम पैटरसन-व्हाइट, लुई किम्बर
**वेल्श फायर:-** अजीत सिंह डेल, बेन केलावे
**नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स:-** जेम्स फुलर, रॉकी फ्लिंटॉफ
**मैनचेस्टर ओरिजिनल्स:-** जेम्स एंडरसन, मर्चेंट डी लांगे
**लंदन स्पिरिट:-** सीन डिक्सन, रयान हिगिंस
**ओवल इनविंसिबल्स:-** जॉर्ज स्क्रिमशॉ, जफर गोहर
**सदर्न ब्रेव:-** टोबी अल्बर्ट, हिल्टन कार्टराइट



### ब्रेंटफोर्ड ने पूर्व लिवरपूल कप्तान जॉर्डन हेंडरसन के साथ करार किया

**लंदन, 15 जुलाई 2025।** ब्रेंटफोर्ड ने प्रीमियर लीग और चैंपियंस लीग विजेता लिवरपूल कप्तान जॉर्डन हेंडरसन के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर की पुष्टि की है। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हेंडरसन, जिन्होंने थ्री लायंस के लिए 84 मैच खेले हैं, इस गर्मी में अजाक्स छोड़ने के बाद फ्री ट्रांसफर पर बीज़ में शामिल हो रहे हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रेंटफोर्ड ने पिछले हफ्ते ही यह करार पूरा कर लिया था, लेकिन हेंडरसन ने अपने पूर्व साथी डिओगो जोटा के निधन के बाद घोषणा को स्थगित करने का अनुरोध किया था। इंग्लैंड के यह मिडफील्डर क्रिश्चियन नॉरगार्ड के आर्सेनल में शामिल होने के बाद उनकी जगह बीज़ में शामिल हुए हैं। यह मिडफील्डर सऊदी अरब में अल-एत्तिफाक और फिर नीदरलैंड में अजाक्स के साथ कुछ समय बिताने के बाद प्रीमियर लीग में वापसी कर रहा है।

## रोनाल्डो के निमंत्रण के बिना, मैं यहाँ नहीं होता:जार्ज जीजस



**नीदरलैंड, 15 जुलाई 2025।** अल नासर फुटबॉल क्लब का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वे स्टेफानो पियोली की जगह लेंगे। पुर्तगाली रणनीतिकार ने खुलासा किया है कि रोनाल्डो ने उन्हें टीम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।जीसस इससे पहले अल नासर के सऊदी प्रो लीग प्रतिद्वंदी अल हिलाल एसएफसी के साथ दो सीज़न तक खेल चुके हैं, जो रियाद स्थित इस क्लब के साथ उनका दूसरा कार्यकाल था। उनके निमंत्रण के बिना, मैं निश्चित रूप से वहाँ नहीं होता। प्रेरणा बहुत अच्छी होगी। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करूँगा कि सऊदी अरब के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक अल नासर, खिताब जीत सके। क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने हमेशा वह सब कुछ जीता है जिसके लिए उसने खेला है। उसने अभी तक सऊदी अरब में जीत हासिल नहीं की है। मैं देखूँगा कि क्या मैं उसकी मदद कर सकता हूँ, जीसस ने संवाददाताओं से कहा। एएफसी चैंपियंस लीग एलीट 2024/25 के सेमीफाइनल में हार के बाद जीसस ने अल हिलाल से नाता तोड़ लिया, लेकिन चार बार के एशियाई चैंपियन के साथ उन्हें सफलता मिली और उन्होंने क्लब को 2023/24 सीज़न में ट्रिपल तक पहुँचाया, जहाँ अल हिलाल ने सऊदी प्रो लीग, किंग्स कप और सऊदी सुपर कप जीता।70 वर्षीय जीसस इससे पहले पुर्तगाल में बेनफिका और स्पोर्टिंग सीपी के साथ-साथ ब्राज़ील में फ्लैमेंगो को भी कोचिंग दे चुके हैं। अल नासर में, जीसस पुर्तगाली दिग्गज रोनाल्डो के साथ काम करेंगे, जिन्होंने हाल ही में अपना अनुबंध 2027 तक बढ़ाया है। रोनाल्डो ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, बेम-विंडो (स्वागत है), मिस्टर जॉर्ज जीसस। मैनचेस्टर यूनाइटेड से हाई-प्रोफाइल विदाई के बाद 2022 के अंत में अल नासर में शामिल हुए रोनाल्डो ने गोलकीपर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है और विभिन्न प्रतियोगिताओं में 105 मैचों में 93 गोल दागे हैं। सऊदी अरब में उनके कदम ने वैश्विक फुटबॉल में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, जिसने सऊदी प्रो लीग की ओर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और इस क्षेत्र में सितारों के आगमन की लहर का मंच तैयार किया।



### भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ खेला

**ताशकंद 15 जुलाई 2025।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने सोमवार देर रात ताशकंद के डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए दो मैत्रीपूर्ण मैचों में से पहले मैच में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। मैक्सरिबोन एगम्बरदियेवा (38वें मिनट) ने मेजबान टीम के लिए पहला गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के अंत में सुलांजना राउल (79वें मिनट) ने भारत के लिए बराबरी का गोल दागा। रविवार को शुरू होने वाला यह मैच स्टेडियम में परिचालन संबंधी चुनौतियों के कारण 24 घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया। एगम्बरदियेवा, जो पहले ही उज़्बेकिस्तान की सीनियर महिला टीम के लिए चार मैच खेल चुकी हैं, ने भारतीय बॉक्स में सही जगह पर आकर पहले 45 मिनट में ही पहला गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में भारत वापसी की कोशिश करता रहा और आखिरकार बराबरी पर आ गया, जब उज्बेकिस्तान के पेनल्टी एरिया में डिफेंडरों द्वारा रेमी थोकचोम के क्रॉस को क्लियर न कर पाने के बाद हुई अफरा-तफरी का फायदा उठाते हुए सुलंजना ने गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दोनों टीमें बुधवार, 16 जुलाई को अपना दूसरा मैत्रीपूर्ण मैच (इस साल के अंत में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए) खेलेंगी।

## अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

**अटलांटा, 15 जुलाई 2025।** अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में ही आयोजित होने वाला है। दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे। यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है। इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है। वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अमेरिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रूप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा। अमेरिका मुकाबलों में भी अमेरिका का इक्वाडोर के खिलाफ रिकॉर्ड बराबरी (1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ) पर रहा है। यह मैच ह्यूस्टन, फोर्ट वर्थ और



10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा। इक्वाडोर के खिलाफ यूएसए का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच हार और इतने ही ड्रॉ का रहा है। टेक्सास में खेले गए फ्रिस्को में खेले गए थे। चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को यूएसए की टीम कोलोराडो के कॉमर्स सिटी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। अमेरिकी टीम अब तक इतिहास में केवल तीन बार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ी है।

## मशहूर निर्माता-अभिनेता का निधन

दिग्गज अभिनेता और निर्माता धीरज कुमार का 79 की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। फिल्म हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, बहारों फूल बरसाओ जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आए धीरज कुमार ने मंगलवार, 15 जुलाई को सुबह 11:40 बजे अंतिम सांस ली।सोमवार को एक्टर को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका निधन हो गया। हालांकि, उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया था। लेकिन,शुरुआत से ही उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।



**धीरज कुमार की मौत का कारण**

मिली, घर की लक्ष्मी बेटियां और मायका जैसे शोज प्रोड्यूस कर चुके धीरज कुमार की मौत निमोनिया के कारण हुई। उनकी हालत इतनी गंभीर थी कि उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। उनके परिवार और प्रोडक्शन टीम ने पहले एक बयान में कहा था, धीरज कुमार डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में हैं और उनका इलाज चल रहा है। परिवार उनके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहा है और सभी से अनुरोध है कि आप भी इस कठिन समय में हमारी प्राइवेसी का ध्यान रखें।

**एक्टर-प्रोड्यूस बन इंडस्ट्री में मचाई धूम**

धीरज कुमार ने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने राजेश खन्ना को फिल्मफेयर टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन में कड़ी टक्कर दी थी। इस कॉम्पिटिशन में राजेश खन्ना को पहला स्थान, सुभाष घई को दूसरा और धीरज कुमार को तीसरा स्थान मिला था। धीरज कुमार अपने बेहतरीन काम के लिए टीवी और सिनेमा की दुनिया में मशहूर थे। 1970 से 1985 के बीच धीरज कुमार ने हीरा पन्ना, शिरडी के साईं बाबा, सरगम, मांग भरो सजना, क्रांति, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध और बेपनाह जैसी कई फिल्में की थीं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन हाउस क्रिएटिव आई की शुरुआत की। कमाल की बात यह थी कि इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले उन्होंने टीवी जगत में बतौर प्रोड्यूसर और डायरेक्टर कदम रखा। धीरज कुमार ने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मन में है विश्वास, ये प्यार न होगा कम, तुझ संग प्रीत लगाई सजना,नादानियां और इश्क सुबहान अल्लाह जैसे बेहतरीन टीवी शो प्रोड्यूस किए थे।



### सच्ची घटनाओं से प्रेरित सुपरनैचुरल थ्रिलर वैतरणी का फर्स्ट पोस्टर रिलीज,

वैतरणी का पहला पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है । सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस सुपरनैचुरल थ्रिलर को निर्देशक अखिल बाबू ने बनाया है और फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। पोस्टर में रश्मि गौतम, रुद्र प्रदीप,रामाराव जाधव और संतोश नंदिवाडा जैसे कलाकारों को एक रहस्यमयी और डरावने माहौल में दिखाया गया है, जो फिल्म की थीम को और रोमांचक बनाता है। टैगलाइन कैमरों ने जो देखा...इस साल आप भी देखेंगे' दर्शकों में और भी जिज्ञासा पैदा करती है। फिल्म का निर्माण एआर कांतलक्ष्मी और आर रमेश बाबू ने किया है। पहली झलक से साफ है कि वैतरणी' एक इंटेंस और रहस्य से भरी कहानी पेश करने वाली है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगी। फिलहाल,निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है, लेकिन सोशल मीडिया पर मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स से लगता है कि यह फिल्म डर और थ्रिल के शौकीनों के लिए खास होने वाली है।

### प्रभास अभिनीत फिल्म मैग्नम ओपस 3 घंटे 50 मिनट की अवधि के साथ पुनः रिलीज होगी



प्रभास अभिनीत फिल्म बाहुबली- द बिगिनिंग ने 10 जुलाई,2025 को अपनी 10वीं वर्षगांठ पूरी की। फिल्म की रिलीज़ के 10 साल पूरे होने पर,निर्माताओं ने घोषणा की है कि यह जोड़ी एक ही भाग के रूप में बड़े पर्दे पर आएगी। आकाशवाणी की एक रिपोर्ट के अनुसार, बाहुबली द एपिक की अवधि लगभग 3 घंटे 50 मिनट बताई जा रही है। इस पुनः रिलीज़ में बाहुबली- द बिगिनिंग और बाहुबली- द कन्क्लूज़न दोनों को एक ही फिल्म में दिखाया जाएगा। बाहुबली द एपिक 31 अक्टूबर, 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होगी। इसके अलावा, यह तेलुगु,तमिल,मलयालम और हिंदी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध होगी। बाहुबली द बिगिनिंग और बाहुबली द कन्क्लूज़न,महिष्मती साम्राज्य की एक महाकाव्यात्मक कहानी पर आधारित दो फ़िल्में हैं। पहली किस्त में एक साहसी युवक शिवुडू की कहानी है, जो एक युवती अवंतिका पर मोहित हो जाता है। प्यार की तलाश में,वह व्यक्ति महिष्मती की पूर्व रानी को बचाने के मिशन में उसकी मदद करने का फैसला करता है, जो अब राजा भल्लालदेव के अत्याचारी शासन में बंदी है। हालांकि, जल्द ही शिवुडू को अपने असली वंश का पता चलता है और यह पता चलता है कि वह महेंद्र बाहुबली है,जो दिवंगत युवराज अमरेंद्र बाहुबली का पुत्र है,जिसे उसके ही विश्वासपात्र ने धोखा देकर मार डाला था।

CMYK

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन का मामला सदन में गूंजा

- कांग्रेस ने किया सदन का बायकाट...
- दूसरे दिन भी विधानसभा की कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ी...




**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** विधानसभा में आज दूसरे दिन मुख्य विपक्षीय दल कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव लाकर प्रदेश में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन का मामला उठाया। विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि खनिज माफिया के हौसल बुलंद है वे आए दिन शासकीय कर्मचारियों पर हमला करते हैं। इसको लेकर विपक्ष ने सदन का वाकआउट कर दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, भूपेश बघेल उमेश पटेल सहित कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव लाकर प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष का कहना था कि प्रदेश में रेत माफिया काफी सक्रिय हो गया है। विधायकों ने विभिन्न जिलों का हवाला देते हुए कहा कि राजनांदगांव धमतरी, गरियाबंद, तथा महासमुंद जिले में बरसात के पूर्व रेत का अवैध उत्खनन कर भंडारण किया जा रहा है। इसके चलते प्रमुख नदियों में चैन माउंटिंग मशीन तथा जेसीबी लगाकर उत्खनन हो रहा है। खनिज माफिया किसानों को परेशान कर रहे हैं। खनिज विभाग द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद रेत उत्खनन जारी है। कांग्रेस के ओर से भूपेश बघेल, चरणदास महंत, अंबिका मरकाम सहित अन्य विधायकों ने सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की। सदस्यों की बात सुनने ने पश्चात अध्यक्ष रमन सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव अमान्य कर दिया जिसको लेकर काफी शोर शराबा हुआ। अंततः कांग्रेस के सदस्यों ने विधानसभा की कार्रवाई बहिर्गमन कर दिया। विधान सभा आज दूसरे दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गई।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र : जल जीवन मिशन के मुद्दे पर भूपेश बघेल ने पूछा सवाल,बहस के बाद विपक्ष ने किया का वॉकआउट

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को जल जीवन मिशन को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार केवल आंकड़ों का भ्रम फैलाकर असल तस्वीर छुपा रही है। भूपेश बघेल ने तीन वर्षों 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान खर्च की गई राशि और घरों में पहुंचाए गए जल कनेक्शनों का हिसाब मांगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जिलों में खर्च ना के बराबर हुआ है और नल से जल योजना सिर्फ कागजों में पूरी दिखाई जा रही है। डिप्टी सीएम और जल संसाधन मंत्री अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि अब तक ₹15,045 करोड़ यानी कुल 57 प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य के 31,16,398 घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है, और 3,836 गांवों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति की गई है। साव ने यह भी जोड़ा कि राशि का वितरण जिलों की प्रगति के आधार पर किया जाता है।



## नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने उठाया रेडी टू ईट का मुद्दा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के विभागों से जुड़े प्रश्न लगाए गए हैं। वहीं 4 ध्यानाकर्षण भी लगाए गए हैं। विधायक राजेश अग्रवाल एंबुलेंस की कमी का मुद्दा उठाएंगे,जबकि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत रेडी टू ईट योजना को लेकर सवाल उठाया।

## सीएसआर फंड को लेकर गरमाया सदन

### भाजपा विधायक किरण सिंह देव ने ही मंत्री पर दागे सवाल,विपक्ष ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र दूसरे दिन बस्तर संभाग में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के उपयोग को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने का प्रयास किया। सबसे पहले यह मुद्दा भाजपा के ही विधायक किरण देव सिंह ने उठाया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में अब तक सीएसआर फंड से कोई भी काम स्वीकृत नहीं हुआ है, जबकि वहां कई बड़े उद्योग कार्यरत हैं। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सिंह ने सरकार से जगदलपुर और बस्तर संभाग में सीएसआर मद से अब तक किए गए कार्यों और खर्च की गई राशि का पूरा ब्योरा मांगा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए पूछा कि उद्योग आखिर सीएसआर फंड का कितना हिस्सा खर्च कर रहे हैं? जवाब में मंत्री ने बताया कि कंपनियां 2 प्रतिशत तक राशि खर्च करने के लिए बाध्य हैं।इस पर महंत ने सवाल उठाया कि अगर सीएसआर फंड का उपयोग हो रहा है, तो उसका पारदर्शी लेखा-जोखा कहां है? उन्होंने तर्क दिया कि पहले की सरकार में इस मद में जितनी राशि खर्च होती थी और आज के खर्च में भारी अंतर है, जिसे सामने लाना जरूरी है। महंत ने कटाक्ष करते हुए कहा, अगर राशि सही जगह खर्च हो रही है, तो सरकार को उच्च स्तरीय जांच से डर क्यों है? उन्होंने सीएसआर मद में खर्च की जा रही पूरी राशि की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की।

## अजय चंद्राकर और देवेंद्र यादव के बीच तू-तू-मैं-मैं, विधानसभा में रमन सिंह ने कराया शांत

रायपुर. छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र का आज दूसरा दिन था. प्रश्नकाल की कार्यवाही जारी थी। सदन में विपक्षी सदस्यों ने जल जीवन मिशन के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। इसी दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंक-झोंक हुई। मामला इतना बढ़ गया कि भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव आपस में ही भिड़ गए। दोनों ही सदस्यों के बीच तू-तू-मैं-मैं होने लगी। दोनों सदस्यों के बीच बढ़ते मामला और सदन की मर्यादा भंग होता देख स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने तत्काल हस्तक्षेत करते हुए कड़ी टिपण्णी की। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, पक्ष-विपक्ष आसंदी की मर्यादा का ध्यान रखें. प्रश्नकाल में हंगामा करना उचित नहीं है. पूरा देश छत्तीसगढ़ की कार्यवाही को देखता है. सदस्यों को आपस में देखकर बात नहीं करनी चाहिए। आसंदी की ओर देख कर बात करनी चाहिए। आप सभी सदस्य इस बात का ध्यान रखें। आसंदी की मर्यादाओं का पालन हम सभी को करना होगा विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने अजय चंद्राकर और देंवेंद्र यादव को फटकार लगाते हुए कहा, विधानसभा सड़क नहीं है जो भाषण देने आ रहे हैं। विधानसभा में इस तरह की लहजे में बात नहीं होनी चाहिए।



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### चीफ दीपक बैज के एक्स पोस्ट से मचा हड़कंप



» देवेंद्र यादव को क्या कह डाला

**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। दीपक बैज ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष कह डाला, जिससे कांग्रेस के खेमे में अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

### बारूद की फैक्ट्री का भूमिपूजन करने पहुंचे थे कंपनी के लोग, ग्रामीणों का विरोध देख बैरंग लौटे



**घरघोड़ा, 15 जुलाई 2025(ए)।** रायगढ़ के घरघोड़ा अंचल में आदिवासी बहुल डोकरबुड़ा, राबो, गतगांव और हर्राडीह की ज़मीन पर एक बार फिर जनविरोध की ज्वाला भड़क उठी, जब ब्लैक डायमंड कंपनी के अफसर कर्मचारी बारूद प्लांट के लिए भूमि पूजन करने पहुंचे। वर्षों से विरोध कर रहे ग्रामीणों ने एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए कंपनी को बैरंग लौटा दिया।

### परदेसिया बदमाश रोहित तोमर की पत्नी अरेस्ट

**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर परदेसिया बदमाश वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर के खिलाफ पुलिस शिकंजा कसते जा रही है।. पुलिस ने आज परदेसिया बदमाश रोहित तोमर की पत्नी भावना तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस भावना तोमर से पूछताछ कर रोहित और वीरेन्द्र तोमर की जुटाई जानकारी जुटाई जाएगी। पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र है।



# बच्चों की सुरक्षा पर सरकार क्यों फेलःहाईकोर्ट

## जांजगीर और कांकेर की घटनाओं पर तलब किया जवाब...



**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चों की सुरक्षा पर गहरी चिंता जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने साफ कहा कि बच्चों की सुरक्षा तय करना सरकार की जिम्मेदारी है, भले ही हादसों के लिए सीधे जिम्मेदार न हो। हाईकोर्ट ने जांजगीर चांपा में तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत और कांकेर में जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने वाले बच्चों के मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका के तौर पर स्वीकार किया और मुख्य सचिव से 29 जुलाई तक खुद शपथपत्र दाखिल कर जवाब मांगा है।

### जांजगीर चांपा में तालाब निगला चार जिंदगियां...

हाईकोर्ट ने मीडिया में छपी दो खबरों को जनहित याचिका के रूप में लिया है। पहली घटना जांजगीर चांपा जिले के भैंसतारा गांव की है। 12 जुलाई को चार बच्चे स्कूल से लौटकर खेलने निकले थे। वे घटोली डबरी तालाब में नहाने गए और गहरे पानी में डूब गए। जब बच्चों के शव पानी में तैरते दिखे, तब ग्रामीणों को पता चला। इस दुखद घटना ने स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को सामने ला दिया।

### कांकेर में जानलेवा नाला पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे..

दूसरी घटना कांकेर जिले के केसलपारा गांव की है। यहां बच्चे रोज कमर तक पानी में डूबकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। गांव में सिर्फ प्राइमरी स्कूल है, मिडिल स्कूल के लिए बच्चों को कनागांव जाना पड़ता है। रास्ते में एक गहरा और खतरनाक नाला पड़ता है, जो बारिश में उफान पर रहता है। इसे पार करना बच्चों के लिए बेहद खतरनाक है। ग्रामीणों ने कई बार पुल बनाने की मांग की,लेकिन सिर्फ आश्वासन मिले।

### हाईकोर्ट का सरकार को कड़ा निर्देश..

इन दोनों मामलों की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली जिम्मेदारी है। स्कूलों के आसपास तालाबों, नालों, पुलिया और दूसरी खतरनाक जगहों को तुरंत पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय किए जाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है।

### मुख्य सचिव से मांगा गया जवाब..

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को 29 जुलाई तक खुद शपथपत्र के साथ जवाब देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पूछा है कि सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में क्यों नाकाम रही। साथ ही, इन दोनों मामलों में अब तक क्या कार्रवाई की गई,इसकी पूरी जानकारी भी मांगी गई है।

**बच्चों की सुरक्षा के लिए कुछ सुझाव..**

- हाईकोर्ट के इस कदम से बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। जानकार कहते हैं कि सरकार को ये कदम उठाने चाहिए
- स्कूलों के आसपास तालाबों और नालों की घेराबंदी की जाए। खतरनाक नालों पर तुरंत पुल बनाए जाएं।
- बच्चों को तैराकी और सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए
- स्कूलों में खास क्लासें लगाई जाएं।
- ग्रामीण इलाकों में स्कूलों तक सुरक्षित रास्ते बनाए जाएं।




## धान बेचने के लिए अब अनिवार्य हुआ एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन

» अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025

**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी के साथ पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल वही किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति (सोसाइटी) में धान बेच सकेंगे, जिन्होंने समय रहते इस पोर्टल में पंजीयन कराया हो।

### अंतिम तारीख और चेतावनी

इस पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 तय की गई है। जिन किसानों का पंजीयन तय समयसीमा के भीतर नहीं होगा, वे न सिर्फ समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह जाएंगे, बल्कि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तों से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

# एक साल में 357 नक्सली ढेर



**बस्तर, 15 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कबूल किया है कि पिछले एक वर्ष में 357 नक्सली मारे गए हैं। यह जानकारी एक 24 पेज की बुकलेट के ज़रिए दी गई है, जो गोंडी बोली और अंग्रेज़ी में प्रकाशित की गई है। प्रेस नोट में नक्सल संगठन ने यह भी स्वीकार किया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है, जो सुरक्षा बलों की तेज़ कार्रवाई, तकनीकी निगरानी और स्थानीय जनता के सहयोग के कारण हुआ है। 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह - प्रेस नोट के अनुसार, मारे गए साथियों की याद में नक्सली संगठन 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। इसके दौरान नक्सली कई इलाक़ों में पोस्टर, बैनर और सभा आयोजित कर सकते हैं। बुकलेट में क्या है - बुकलेट में नक्सल आंदोलन की वर्तमान स्थिति, संगठन की चुनौतियाँ और सुरक्षा बलों की रणनीतियों का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है। **प्रशासन अलर्ट पर**–सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलियों की इस घोषणा को गंभीरता से लिया है और शहीदी सप्ताह के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में अलर्ट बढ़ा दिया गया है।

**मारे गए नक्सलियों में शामिल**

- 136 महिला नक्सली
- 4 केंद्रीय कमेटी सदस्य
- 15 राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य
- 281 नक्सली केवल दण्डकारण्य क्षेत्र में मारे गए

# नीट व जेईई जैसे नियम अब व्यापमं में भी

» परीक्षाओं में जूते नहीं चप्पल पहनकर जाना होगा




**रायपुर, 15 जुलाई 2025(ए)।** नीट, जेईई व यूपीएससी जैसे कड़े नियम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने भी लागू कर दिए हैं। दरअसल, बिलासपुर के एक केंद्र में रविवार को पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में नकल का मामला सामने आने के व्यापमं ने बदलाया किया है। इसके अनुसार व्यापमं की परीक्षाओं में अब जूते पहनकर आने पर रोक रहेगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। इसी तरह आधी बांह के कपड़े ही मान्य किए जाएंगे। कान में ज्वेलरी पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। व्यापमं ने इसे परीक्षाओं में बैन किया है। इस नए नियम के अनुसार ही 20 जुलाई को होने वाली सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा होगी। इसी तरह अब परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले गेट बंद कर दिया जाएगा। पहले व्यापमं की परीक्षा के लिए जो समय निर्धारित था उस समय तक एंट्री दी जाती थी। जैसे, यदि कोई एग्जाम सुबह 10 बजे से है तो मेन गेट 9:45 बजे बंद हो जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े ही परीक्षा के लिए मान्य है। वहीं, परीक्षा शुरू होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्त होने के आखिरी आधे घंटे में केंद्र से बाहर जाने की मनाही है।परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच,स्कार्फ,बेल्ट,टोपी आदि ले जाना पूरी तरह से वर्जित है। इन परीक्षाओं में जिस तरह से कपड़े पहनने, जूते, आभूषण आदि को लेकर गाइडलाइन है, उसी तरह का नियम यहां भी लागू होगा। व्यापमं की परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की जांच अब मेटल डिटेक्टर से भी होगी। पहले सिर्फ हाथों से तलाशी ली जाती थी। परीक्षा शुरू होने के बाद पुलिस कर्मी परीक्षा केंद्र परिसर तथा बाहर का भी निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा कई और बदलावा किए गए हैं। इसके अनुसार एग्जाम हॉल में फुसफुसाना, चिल्लाना, बातें करना या हाव-भाव से इशारे करने पर परीक्षार्थियों को एग्जाम हॉल से बाहर कर दिया जाएगा। सक्षम अधिकारी से दिए गए निर्देशों का पालन न करना,दुर्व्यवहार करना या विवाद करने पर भी कार्रवाई होगी। रविवार को आयोजित पीडब्ल्यूडी की परीक्षा में नकल का मामला सामने आने के बाद व्यापमं की ओर से अनुचित साधनों से संबंधित सूचना फिर जारी की गई है।इसके अनुसार परीक्षा के दौरान किन कार्यों को करने की मनाही है। फरवरी 2023 में यह अधिसूचना जारी हुई थी। इसके अनुसार अन्य अभ्यर्थियों के साथ प्रश्न पुस्तिका या उत्तर पुस्तिका की अदला बदली करना, परीक्षा के दौरान अपने पास डिजिटल गैजेट रखना, संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना अनुचित साधन माना जाएगा। इस तरह से संबंधित परीक्षार्थी को परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा,दो वर्ष के लिए व्यापमं की परीक्षा देने पर रोक लगा दी जाएगी। एफआईआर के अलावा अन्य कार्रवाई का भी प्रावधान है।

## महुआ मोइत्रा ने छत्तीसगढ़ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए



**कोंडागांव, छत्तीसगढ़, 15 जुलाई 2025 (ए)।** टीएमसी की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने छत्तीसगढ़ सरकार और कोंडागांव पुलिस के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक वीडियो जारी कर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से आए 9 श्रमिकों को कोंडागांव जिले में अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है। महुआ मोइत्रा के मुताबिक, ये सभी श्रमिक आलबेड़ा पारा इलाके के एक निजी स्कूल में भवन निर्माण कार्य के लिए पहुंचे थे। सांसद का दावा है कि सभी मजदूर वैध दस्तावेज लेकर आए थे, इसके बावजूद उन्हें जबरन निर्माण स्थल से उठाया गया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के मोबाइल फोन बंद हैं और उनके परिजनों को उनकी गिरफ्तारी की सूचना जगदलपुर जेल से मिली। सांसद ने आरोप लगाया कि मजदूरों को बिना किसी डिटेंशन ऑर्डर, बिना कानूनी सुनवाई और बिना वकील की मौजूदगी के सीधे BNSS की धारा 128 के तहत जेल भेज दिया गया। उनका यह भी कहना है कि अब तक परिजनों या राज्य सरकार को इस गिरफ्तारी की कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई है। महुआ मोइत्रा ने कोंडागांव एसपी से बातचीत का भी जिक्र किया और उसे गैर-जिम्मेदाराना बताया।

## 30 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा



**दुर्ग, 15 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पहली बार अवैध रूप से रह रहे 30 बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार से डिपोर्ट की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरियों को रायपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट के जरिए गुवाहटी भेजा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)